मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, बुधवार, 5 मार्च 2025
संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 6 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 180 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ डोनाल्ड ट्रंप करेंगे बड़ा धमाका
रणबीर कपूर की रामायण से बाहर हुई अभिनेत्री कुब्रा सैत ◂◂ 6


# चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट 3 जवान घायल

- जवानों को रांची किया जा रहा एयरलिफ्ट
- सीआरपीएफ चला रही थी सर्च ऑपरेशन अभियान

**मेट्रो रेज**

**रांची :** चाईबासा जिले में एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है। जराइकेला थाना क्षेत्र के बलीबा में हुए ब्लास्ट में तीन जवानों के घायल होने की सूचना है। इसमें सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट साईं भी घायल हुए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है। रांची से घायल जवानों को एयरलिफ्ट करने के लिए हेलीकॉप्टर चाईबासा भेज दिया गया है। नेटवर्क एरिया कमजोर होने की वजह से घटना की पूरी जानकारी हासिल नहीं हो पायी है।



बुधवार को जराइकेला थाना क्षेत्र के बलिबा में हुए ब्लास्ट में असिस्टेंट कमांडेंट सहित तीन जवान घायल हुए है। घायलों को एयरलिफ्ट कर हेलीकॉप्टर से रांची लाया जा रहा है। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है। चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जवानों के मूवमेंट के समय ही नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट में सीआरपीएफ 197 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट साई के साथ साथ अन्य दो सीआरपीएफ जवान भी घायल हुए हैं। ब्लास्ट की यह घटना उस समय हुई है जब सीआरपीएफ के डीजीपी झारखंड के दौरे पर हैं। असिस्टेंट कमांडेंट सहित तीन सुरक्षा बल घायल हुए हैं उन्हें रेस्क्यू कर जंगल से बाहर निकलकर रांची के लिए एयरलिफ्ट किया गया है।

**आशुतोष शेखर, एसपी, चाईबासा**

## अनल दस्ते के खिलाफ चल रहा है अभियान

एक करोड़ के इनामी एनल की तलाश में चाईबासा के जंगलों में सुरक्षाबलों ने घमासान मचा रखा है। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 197 बटालियन कोबरा जवानों के साथ साथ बम निरोधक स्क्वाड को लेकर चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के बलिबा के जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे। सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों के द्वारा बड़े पैमाने पर आईईडी जमीन के नीचे लगा कर रखा गया, सूचना पर लगातार कार्रवाई कर आईईडी को जमीन से निकाल कर नष्ट करते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भी यह काम जारी था, तभी एक आईईडी में ब्लास्ट हो गया।

**जंगल से निकाल लिया गया एयरलिफ्टः** विस्फोट की सूचना मिलते हैं आनन-फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने तीनों घायलों को जंगल से सुरक्षित बाहर निकाल कर हेलीपैड तक पहुंचाया, जहां हेलीकॉप्टर के माध्यम से सभी घायलों को रांची भेज दिया गया गया है।

## बारामूला जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड अटैक, सुरक्षाबलों ने चलाया सर्च अभियान

**एजेंसी**

**बारामूला :** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों ने पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। यह घटना मंगलवार-बुधवार की रात ओल्ड टाउन पुलिस चौकी पर हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि, इस धमाके में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने विस्फोट की आवाज सुनी, उन्होंने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

रात करीब 10:40 बजे पुलिस चौकी की दीवार के बाहर एक ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुष्टि हुई कि यह एक सुनियोजित हमला था। ग्रेनेड पुलिस चौकी के अंदर ऐसी जगह गिरा, जहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल, पुलिस किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं ले पाई है, लेकिन स्थानीय लोगों से पूछताछ जारी है।

**जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध पुलिसः** बारामूला पुलिस ने घटना के बाद कहा कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इससे पहले, 26 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी इलाके में सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने हमला किया था। यह हमला दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर 4-5 राउंड फायरिंग की और फरार हो गए। घटना के दौरान सेना का वाहन गश्ती पर था।

सौभाग्य से, इस हमले में कोई जवान घायल नहीं हुआ। सेना के अनुसार, आतंकियों की गोलीबारी से कोई नुकसान नहीं हुआ और जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

## झुमरा पहाड़ के जंगल में लगी भीषण आग, जल्द काबू नहीं पाया गया तो मचेगी तबाही

**मेट्रो रेज**

**बेकारो :** जिला स्थित झुमरा पहाड़ के जंगले में भीषण आग लगी है। अगलगी में कीमती लकड़ियां और वन्य जीवे के नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता है। घटनास्थल गोमिया प्रखंड अंतर्गत पाचमोपंचायत अंतर्गत जरा और भोलेथान के पास की है। जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए जमनी जरा के लगभग एक दर्जन युवक तत्पर हैं। हालांकि तेज हवा के चलते आग बुझने के बजाय और भड़क रही है।

**चार से पांच किलोमीटर के रेडियस में लगी है आगः** बताया जाता है कि भोले थान के अलावा सरेया पानी, चमटा जरा, सरेया कोचा में आग लगी है, जो धीरे?धीरे फैल रही है। इन क्षेत्रों के जंगले में चार से पांच किलोमीटर के रेडियस में आग लगी है। आग लगने के कारणे का पता नहीं चला है। इधर, पर्यावरण प्रेमी युवके ने बताया कि सोमवार की रात चार से पांच घंट तक उन्होंने आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत की। युवके का कहना है कि अगर आग पर जल्द काबू नहीं पाया गया, तो यह बड़े क्षेत्र में फैल जायेगी। जिससे काफी संख्या में कीमती लकड़ियों के जलने के साथ साथ वन्य जीवे को नुकसान हो सकता है।



### ग्रामीण युवकों ने की वन विभाग से आग बुझाने की अपील

युवक ने वन विभाग से आग पर काबू पाने के उपाय करने और जंगल बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की।

### आग बुझाने के लिए हर रेंज में छह वनकर्मियों की टीम गठित : डीएफओ

जब मामले में जिला वन पदाधिकारी रजनीश कुमार से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वन विभाग के कर्मचारियों को जंगल में आग लगने की सूचना नहीं है। जानकारी मिलते ही वनकर्मी अगलगी क्षेत्रों में जाने की तैयारी में जुट गये हैं। किसी भी जंगल में आग लगती है, तो वन विभाग इसे बुझाने के लिए तैयार है। हर रेंज में छह लोगों की टीम गठित की गयी है। सूचना मिलते ही टीम जंगल में पहुंचकर आग बुझाने की पहल करेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील कि जंगल में आग लगने की सूचना मिलती है, तो वे आग बुझाने में सहयोग करें।




## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल लेकर स्कूल आये छात्र को टीचर ने बेरहमी से पीटा, अस्पताल में भर्ती

**खूंटी :** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक शिक्षक ने सातवीं कक्षा के छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। वहीं, पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच में जुट गई है। छात्र के शरीर पर आए गहरे जख्मः मामला जिले के बगडू में संचालित मॉडल स्कूल का है। बताया जा रहा है कि छात्र स्कूल में मोबाइल लेकर आया था। इस बात से आक्रोशित होकर शिक्षक ने छात्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। बुरी तरह से पीटने से छात्र को गंभीर चोट आई है। छात्र के शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हो गए। छात्र को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी डीएसई अभय कुमार शील ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। अगर शिक्षक दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पीएलएफआई के 2 गुटों में खूनी लड़ाई, मारे गए 2 नक्सली

**खूंटीः** गुटीय झगड़े में दो नक्सली कथित तौर पर मारे गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएलएफआई) के सदस्य थे और यह घटना पश्चिमी सिंहभूम तथा खूंटी जिले की सीमा पर स्थित बंदगांव थाना क्षेत्र में हुई। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि ये नक्सली पीएलएफआई से अलग होकर अलग संगठन बनाने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने हथियारों के साथ शव किए बरामदः पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि ऐसा संदेह है कि यह घटना रविवार रात को घटी और पुलिस ने सोमवार को शव बरामद किये। उन्होंने कहा कि मारे गए नक्सली पहले जेल जा चुके थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं।

### विधायक प्रतिनिधि बने रमेश चौहान



**खलारी :** मोहन नगर डकरा निवासी कांग्रेस नेता रमेश चौहान को कांके विधायक सुरेश बैठा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र कांके 65 रांची अंतर्गत खलारी प्रखंड मे पेयजल एवं स्वच्छता एवं असंगठित मजदूर विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि आप यहाँ के सरकारी तथा गैर सरकारी पदाधिकारी से संबंध स्थापित कर पूरी लगन एवं निष्ठा से पालन करेंगे तथा विधानसभा क्षेत्र में जनता के प्रति अपना विश्वास बनाए रखेंगे। विधायक प्रतिनिधि मनोनीत होने पर बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, राजा सिंह, राजा राजेश सिंह, मिंटू विक्की सिंह, साबिर अंसारी, इंदिरा देवी, रोशन लाल ,जावेद, तनवीर आलम, रमेश चौहान, जावेद खान ,बाबू खान, बिगन सिंह भोक्ता ,लखन, जालम सिंह, जगन्नाथ यादव, भूषण यादव ,भोला यादव ,सुरेंद्र यादव, मनोज यादव ,सतनारायण यादव, सुरेश यादव ,सुरेंद्र चौहान ,अब्दुल अंसारी, सोनू पांडे, सुनील सिंह, सलामत अंसारी ,बशीर अंसारी, बिट्टू सिंह, बंटी सिंह, गांगुली उरांव शामिल थे।

### अब्दुल्ला अंसारी ने की तीन परिवारों को आर्थिक मदद



**खलारी :** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवारों की आर्थिक मदद की । यह तीनों परिवार खिलाड़ी प्रखंड अंतर्गत ग्राम अम्बा टोंगरी स्वर्गीय शिव चरण मुंडा अम्बा टोंगरी स्वर्गीय प्यारी मुंडा और बामने गांव निवासी स्वर्गीय संजीत महतो तीनों परिवार बीमारी के कारण मौत हो गई थी और जानकारी मिलने पर तीनों परिवार से मिलकर खाद सामग्री और आर्थिक मदद किया और अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया और कहा की जरूरत पड़ने पर और भी मदद किया जाएगा । मौके पर सुनील सिह, सोनू पांडे व अन्य मौजूद थे।

### झारखंड में फल- फूल रहे हैं बांग्लादेशी घुसपैठिए



**मुरीः** झारखंड के कोने - कोने में बंग्लादेशी घुसपैठी बड़े आराम से धंधा कर फल फूल रहे हैं। इस बात की चिंता ना ही प्रशासन को है, ना ही जनता के प्रतिनिधियों को । आम जनता यह महसूस कर रही है कि आज नहीं तो कल यही बंग्लादेशी संख्या बल होते ही अराजकता का माहौल कायम करेंगे। सिल्ली मुरी के गांव देहात हो या बाजार हाट, सब जगह देखने को मिल जाएंगे। इन बंग्लादेशी घुसपैठियों का ना ही पासपोर्ट चेक होता है ना ही अन्य कागजात। कहां से, कैसे रोजाना आ रहे हैं सब देख कर, सब चुप है। सांसद ने यहां के सरकार को हजारीबाग में हुए दो समुदायों के बीच पत्थर बाजी धटना को लेकर ध्यान आकृष्ट किया था पर सरकार मौन है। आने वाले समय के लिए आम जनता को जागरूक होना ही होगा। अन्यथा सर पर संकट की तरह खड़ा रहेगा। इनकी गतिविधियां काफी संदेहास्पद है।

### आधा दर्जन आपराधिक कांडों का आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

**गोड्डा :** जिले की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी रामपतरस मरांडी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसे मंगलवार को जेल भेज दिया। उसके खिलाफ गोड्डा, दुमका व पाकुड़ जिले के थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। यह जानकारी गोड्डा डीएसपी जेपीएन चौधरी ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी रामपतरस मरांडी अवैध हथियार के साथ सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के अपने गांव कटहलडीह में घूमकर ग्रामीणों के बीच दहशत पैदा कर रहा है। इसके बाद सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम गांव पहुंची और रामपतरस मरांडी को पकड़ लिया।

धूमधाम से मनाया गया जेएमएम का 52वां स्थापना दिवस

# सरकार आधी आबादी को पांव पर खड़ा करने को लेकर संकल्पितः मुख्यमंत्री



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीहः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 52वां स्थापना दिवस गिरिडीह में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नीति आयोग ने देश के चार बेहतर राज्यों में झारखंड को एक बताया है। विपक्षी दल नीति आयोग के बयान से चुभन महसूस कर रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि राज्य सरकार आधी आबादी को पांव पर खड़ा करने को लेकर संकल्पित है। यही कारण है कि आधा बजट महिलाओं के विकास पर खर्च किया जा रहा है। यह दुखद है कि मैया सम्मान योजना में कई पुरुष राशि हड़प रहे हैं। ऐसी चोरी के बाद राज्य का विकास कैसे होगा ?ऐसा न हो कि दलदल से निकलने में बरसों लग जाए। यह सरकार रांची से नहीं गांव देहात से चल रही है। अधिकारी पंचायत में कैंप लगाकर गरीबों का काम कर रहे हैं। सोरेन ने कहा कि पूर्व में पेंशन चंद लोगों को दी जाती थी पर आज बगैर पेंशन का कोई नहीं है। केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कोयला यहां से हिस्सेदारी पर नहीं, अब ऐसा नहीं चलेगा। हक के लिए संघर्ष करना होगा। 25 साल का झारखंड अब दौड़ेगा। राज्य की जनता एक हो जाए तो ऐसी तत्वों को यहां से भगाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य की योजनाएं अब अन्य राज्यों में लागू की जा रही है। सभा को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड की बहू को यहां के लोगों ने बेटी समझ कर प्यार दिया, जिसका आजीवन ऋणी रहूंगी। वहीं, नगर विकास मंत्री सूदिब्य कुमार सोनू ने कहा कि जिस पौधा को 51 साल पूर्व शिबू सोरेन ने रोपा था वह आज विशाल वृक्ष का रूप ले लिया है। राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने से कल्पना बड़ी नेत्री के रूप में उभरी है। इससे भाजपा पश्चाताप कर रही होगी। सभा को पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, केदार हाजरा, बेबी देवी ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने की।

## सप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड सभागार में आयोजित सप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बीपीओ सत्यप्रकाश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना और अन्य विकासशील योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा कर्मियों को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी योजना का चयन करने और कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, बिरसा सिंचाई कूप और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।बीपीओ सत्यप्रकाश कुमार ने सभी कर्मियों को बजट के टारगेट को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए सभी कर्मियों को मिलकर काम करना होगा।अबुआ आवास योजना के समीक्षा क्रम में सभी को डाटा अपलोड, जियो टैग, और किस्त का भुगतान में त्वरित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया।इस बैठक में कनीय अभियंता अभियंता रंजन कुमार, प्रवीण कुमार, ग्राम रोजगार सेवक राम प्रसाद चौधरी, अनवारूल हसन, गिलवट सोरेन, बीएफटी जितेन मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।बैठक के अंत में, बीपीओ सत्यप्रकाश कुमार ने सभी कर्मियों को विकास योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का सफल क्रियान्वयन केवल तभी संभव है जब सभी कर्मी मिलकर काम करें।

## डीवीसी केटीपीएस में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** डीवीसी केटीपीएस ने सुरक्षित और संरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 मनाया। समारोह की अध्यक्षता केटीपीएस के वरिष्ठ महाप्रबंधक (ओएंडएम) संजय कुमार सिन्हा ने की, जिन्होंने जीवन और कार्य के सभी पहलुओं में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर, केटीपीएस के डीवीसीयनों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा-प्रथम संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करते हुए एक गंभीर सुरक्षा शपथ ली। इस कार्यक्रम में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं का पालन करने और दुर्घटना मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया गया। इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समन्वय लक्ष्मीकांत मंडल, डीजीएम (सुरक्षा) और टीम केटीपीएस द्वारा किया गया, जिससे सुरक्षा पहलों का निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित हुआ। उपस्थित गणमान्य व्यक्ति मानस कुमार मंडल, वरिष्ठ जीएम (एएमएस), प्रवीर चंद, जीएम (सिविल), अमन ज्योति, जीएम (ईएम एंड पीसी, बॉयलर एंड कोल मिल्स, कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए केटीपीएस के वरिष्ठ अधिकारी, जूनियर इंजीनियर और अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सुरक्षित, संरक्षित और दुर्घटना-मुक्त कार्य संस्कृति सुनिश्चित करने के लिए संगठन के अटूट समर्पण की एक मजबूत याद दिलाता है।

### घरेलू विवाद में महिला ने कीटनाशक खाकर दी जान

**चान्होः** चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में एक महिला ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 36 वर्षीय मन्ना देवी, पत्नी साहू महली, के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है। पारिवारिक विवाद के बाद आवेश में आकर मन्ना देवी ने कीटनाशक दवा खा ली। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई, तो वे तुरंत उसे चान्हो उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि, परिवार के लोग मन्ना देवी को रिम्स ले जाने के बजाय घर ले गए। मंगलवार को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी।

दिव्यांग और अनाथ विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी

## हेमंत सरकार सालाना देगी 10 लाख

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** हेमंत सरकार ने दिव्यांग और अनाथ विद्यार्थियों को खुशखबरी दी है। बता दें कि, हेमंत सरकार ने दिव्यांग और अनाथ विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए वाल्मीकि छात्रवृति योजना शुरू करने का फैसला लिया है। बता दें कि, इस योजना के तहत ट्यूशन फी के रूप में 10 लाख रुपए सालाना छात्रवृति दी जाएगी।



किन छात्रों को मिलेगा योजना का लाभ?

बता दें कि, इस योजना का लाभ राज्य के 10वीं और 12वीं पास विद्यार्थियों को ही मिलेगा। अनाथ विद्यार्थियों में इसका लाभ उन्हीं को मिलेगा जिनके माता- पिता की मृत्यु उनके 18 साल आयु होने से पहले हो चुकी हो। छात्रों को अध्ययन सामग्री और दैनिक उपभोग के लिए 4,000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। अगर आप भी इस वाल्मीकि योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो इसका लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को झारखंड का स्थानीय निवासी (स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य) होना जरूरी है। वहीं डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए विद्यार्थी को झारखंड राज्य में अवस्थित किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### साइबर ठगी के शिकार किसान ने किया सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस

**गुमलाः** साइबर ठगी के शिकार हुए गुमला के एक किसान ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले उसने एक पर्ची लिख कर छोड़ी। पर्ची में उसने अपने भाई और परिजनों से माफी मांगी है। उसने लिखा मुझे क्षमा करना और मोबाइल में मैसेज देखना सीख जाना। जिले के सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव के रहने वाले 55 साल के मोरहा उरांव ने घर के पीछे आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। मृतक के भाई जगना उरांव ने मोरहा ने टैसेरा राइस मिल में अपनी धान की फसल बेंच कर 68 हजार रुपए जमा किए थे। साइबर अपराधियों ने उनसे यह पूरी रकम ठग ली। इस घटना के बाद से वह मानसिक तनाव में था। परिजनों ने बताया कि मोरहा उरांव की करीब 15 साल पहले कोयनारा क्षेत्र में शादी हुई थी। जिसके बाद से उसे कोई संतान नहीं हो रहा था। उसने एक बेटी को गोद लिया था। बच्चे की परवरिश और पढ़ाई की चिंता भी उन्हें सता रही थी। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले मोरहा उरांव का पूरा परिवार खेती पर निर्भर था। धान बेच कर जो पैसे उसे मिले थे, वो ही उसकी जमा पूंजी थी। जानकारी के मुताबिक वह सात्विक विचार का टाना भगत परिवार में से संबंध रखने वाला था। साइबर ठगी होने की बात इससे पहले उसने परिवार में कभी किसी से जिक्र नहीं किया था। बता दें कि गुमला में आए दिन साइबर क्रिमिनल किसानों को अपना निशाना बनाने की कोशिश करते रहते हैं। कभी बैंक कर्मी बनकर तो कभी कृषि विभाग के पदाधिकारी बन कर ट्रैक्टर पास होने की बात कह कर झांसे में ले रहे हैं। एसआई अरविंद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

## मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी मैट्रिक और इंटर की कॉपियों की जांच

**रांची :** झारखंड में मैट्रिक (दसवीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। राज्यभर में लगभग 60 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। उत्तरपुस्तिका का उठाव होली के बाद शुरू होगा। कॉपियों का मूल्यांकन 20 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। मैट्रिक और इंटर के तीनों संकाय का रिजल्ट 15 जून तक जारी हो जाने की संभावना है।

11 फरवरी से शुरू हुई थी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा

झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू हुई थी। तीन मार्च तक परीक्षा आयोजित की गयी थी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए पूरे राज्य में 2086 केंद्र बनाये गये थे। मैट्रिक के 4,33,890



परीक्षार्थियों की परीक्षा 1297 केंद्रों पर, जबकि इंटर के 3,50,138 परीक्षार्थियों की परीक्षा 789 केंद्रों पर हुई।

पहली पाली में मैट्रिक और दूसरी पाली में हुई इंटर की परीक्षाः मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं। पहली पाली में 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा हुई। दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गयी। होली के बाद उत्तरपुस्तिका का उठाव किया जाएगा और कॉपियों की जांच की जाएगी। इसके बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा।

पेपर लीक मामले की हो रही जांचः मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक का मामला सामने आया। इसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई की गयी। कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मजदूर बनकर गाड़ी से प्रश्नपत्र उतारने के दौरान निकाल लिए थे और फिर वायरल कर दिया था। इससे पैसे भी वसूले थे। जांच के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि प्रेमिका के लिए उसने प्रश्नपत्र निकाले थे। इसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल किया था।

### सरकारी स्कूल के बच्चों की वार्षिक परीक्षा 17 से

#### 20 से कॉपियों का मूल्यांकन, 25 को जारी होगा रिजल्ट

**रांचीः** राज्य के सरकारी स्कूल के कक्षा सात तक के बच्चों की वार्षिक परीक्षा 17 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा 19 मार्च तक चलेगी। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीइआरटी) ने इस संबंध में जिलों को पत्र भेज दिया है। पत्र में कहा गया है कि कक्षा एक व दो के बच्चों की मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों के प्रत्येक विषय की परीक्षा 60-60 अंकों की होगी। जबकि कक्षा छह व सात की गणित व विज्ञान की परीक्षा 50-50 अंकों की एवं शेष विषय की परीक्षा 60-60 अंकों की होगी। जनजातीय भाषा का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर पर तैयार किया जायेगा। प्रश्न पत्र जेसीइआरटी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। मूल्यांकन कार्य 20 से 24 मार्च तक एवं रिजल्ट 25 मार्च तक जारी करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा के रिजल्ट से विद्यार्थी के अभिभावक को अवगत कराना सुनिश्चित करने को कहा गया है। परीक्षा के दौरान मध्याह्न भोजन का संचालन दो पाली के बीच के अंतराल में किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल से स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा।

# कल से आने लगेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि, एक साथ मिलेंगे 3 माह के पैसे

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लाभुक महिलाओं का इंतजार अब खत्म होने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कल यानी गुरुवार से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बैंक खाते में राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**86,621 लाभुक योजना के लाभ से होंगे वंचितः** बताया जा रहा है कि लाभुकों के बैंक खाते में एक साथ जनवरी, फरवरी और मार्च तीनों महीने की राशि कुल 7500 रुपये भेजी जाएगी। पहले योजना का लाभ योजना की




वेबसाइट के माध्यम से दिया जाता था, लेकिन अब योजना का लाभ पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के माध्यम से दिया जाएगा, लेकिन इस बार मंईयां सम्मान योजना से पलामू जिले के 2,85,161 लाभुक ही लाभान्वित होंगे। 86,621 लाभुक योजना के लाभ से वंचित होंगे। भौतिक सत्यापन में 1155 लाभुकों की उम्र 51 वर्ष से अधिक पाई गई। इस कारण पलामू जिले के 87,776 लाभुकों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

**पूरे राज्य में 5 लाख से अधिक फर्जी लाभुक होने की आशंका :** जानकारी हो कि सरकार ने दिसंबर 2024 में राशि वितरण के बाद सभी जिलों को लाभुकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया था। योजना के तहत लाभुक को झारखंड का निवासी होना, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और आधार लिंक बैंक खाता अनिवार्य था। दिसंबर तक सरकार ने आधार लिंक खाते की शर्त से छूट दी थी, लेकिन जनवरी से यह अनिवार्य हो गया, जिससे कई लाभुकों को राशि नहीं मिल सकी। अभी भी कई लाभुकों के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं। ऐसे में विभाग ने राशन कार्ड के आधार पर राशि ट्रांसफर करने का प्रस्ताव तैयार किया है। राज्य में अब तक 40 लाख से अधिक राशन कार्ड का सत्यापन हो चुका है। वहीं दिसंबर 2024 में 56.61 लाख लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया था, लेकिन अब इस संख्या में कमी आ सकती है। पलामू प्रमंडल में करीब 2 लाख फर्जी लाभुक मिले, वहीं पूरे राज्य में 5 लाख से अधिक फर्जी लाभुक होने की आशंका है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि होली से पहले सही लाभुकों को राशि मिल जाए। सत्यापन के बाद जो लोग अयोग्य पाए गए हैं, उन्हें योजना से बाहर कर दिया जाएगा।

### क्या है मंईयां सम्मान योजना?

बता दें कि, मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत साल 2024 में की गई थी। योजना में शुरूआती तौर पर केवल 1000 रुपये की आर्थिक सहायता ही दी जाती थी, लेकिन झारखंड की तत्कालीन हेमंत सोरेन सरकार ने चुनावों से पहले वादा किया था कि प्रदेश की सत्ता में वापसी पर उनकी सरकार महिलाओं को 2500 रुपए हर महीने देगी। इस योजना के लिए पहले 21-50 साल की महिलाओं को योग्य बताया गया था, लेकिन बाद में हेमंत सोरेन सरकार ने 18-50 साल तक की महिलाओं के लिए यह योजना शुरू कर दी।

## प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव 13 अप्रैल को

**मेट्रो रेज, रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2025-27 के लिए प्रांतीय अध्यक्ष पद का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। यह जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री रवि शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में करीब पांच हजार से अधिक विभिन्न श्रेणी के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव के लिए 23 जिला एवं तीन अनुमंडल में मतदान किया जायेगा। जिसमें उस क्षेत्र के सदस्य अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

**विनय सरावगी मुख्य चुनाव पदाधिकारी बनेः** श्री शर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष विनय सरावगी को मुख्य चुनाव पदाधिकारी मनोनीत किया गया है। श्री सरावगी ने राज कुमार मारू, प्रदीप जैन वाकलीवाल एवं अशोक पुरोहित को चुनाव पदाधिकारी बनाया है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष के लिए नामांकण पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 मार्च और नामांकन पत्र वापिस करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है।

## होली पर झारखंड से बिहार, यूपी और बंगाल के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें

**रांची :** होली में रेल यात्रियों? की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने छह होली स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी आसनसोल मंडल की ओर से दी गयी है। ये ट्रेन हावड़ा, रक्सौल, सियालदह, गोरखपुर, कोलकाता, पटना, कोलकाता, जयनगर, हावड़ा, खातीपुरा, हावड़ा, न्यूजलपाईगुड़ी के बीच चलेगी। स्पेशल ट्रेन के चलने से 22,300 से अधिक बर्थ और 500 सीटे उपलब्ध रहेगी। 03043 हावड़ा?रक्सौल होली स्पेशल : आठ मार्च को 23:00 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन 16:10 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

## धनबाद के एक मकान में बार-बार लग रही रहस्यमयी आग, सिंफर के वैज्ञानिक भी हैरान, हाथ किए खड़े

संवाददाता

**धनबाद :** शहर के हीरापुर स्थित मास्टरपाड़ा स्थित एक मकान में पिछले कुछ दिनों से स्वतः आग लगने की घटना हो रही है। इस रहस्यमय घटना से लोगों में कौतुहल है। घटना की जांच के लिए मंगलवार सिंफर की तीन सदस्यीय वैज्ञानिकों की टीम मकान में पहुंची। टीम में मुख्य वैज्ञानिक डॉ संतोष राय, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ देवाशीष मिश्रा और वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ एनके मोहाली शामिल थे।

वैज्ञानिकों की टीम जांच के पहुंची : सिंफर के वैज्ञानिकों ने मकान का जायजा लिया, लेकिन उन्हें स्वतः आग लगने की घटना के पीछे का कारण नहीं पता चल सका है। इसके बाद वैज्ञानिकों ने हाथ खड़े कर दिए। बनर्जी निवास का जायजा लेने के बाद मुख्य वैज्ञानिक



डॉ संतोष राय ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आग लगने की जांच की गई है। जांच में गैस रिसाव का कोई मामला नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि हमलोग माइंस फायर के एक्सपर्ट हैं। कोयला में लगने वाली आग का हम पता लगाते हैं। हम इस तरह की लगने वाली आग के एक्सपर्ट नहीं है। डीसी के निर्देश पर मकान का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

**अग्निशमन विभाग की टीम कर चुकी है जांचः** आपको बता दें कि डीसी के निर्देश पर पिछले दिनों अग्निशमन विभाग की टीम ने दो दिनों तक मकान की जांच की थी, लेकिन स्वतः आग लगने की घटना के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका था। इसके बाद अग्निशमन विभाग ने हाथ खड़े कर दिए थे। जिसके बाद डीसी ने सिंफर के वैज्ञानिकों को घटनास्थल की जांच करने के निर्देश दिए थे।

27 फरवरी से लगातार लग रही आगः शहर के हीरापुर स्थित मास्टरपाड़ा में एक दो मंजिला मकान (बनर्जी निवास) में पिछले कुछ दिनों से रहस्यमय तरीके से लगातार आग लग रही है। पहली घटना 27 फरवरी को हुई थी। इसके बाद से रोज कहीं ने कहीं आग लगने की घटना हो रही है। इससे घर के सभी सदस्य परेशान हैं।

## महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांची :** मारवाड़ी कॉलेज की एनएसएस की इकाई टू की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषण, पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें एमसीए विभाग के सहायक प्राध्यापक दीप्ति प्रसाद व सहायक प्राध्यापक अनुभूति श्रीवास्तव ने निर्णायक की भूमिका निभायी।

**विजेता किये गये सम्मानित**

प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सभी विजयी प्रतिभागी छह




मार्च को रांची विवि में होनेवाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का संचालन इकाई टू के एनएसएस पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक नीतीश पाठक, उदय शंकर प्रजापति, अनुराग कृष्ण, कनक साक्षी, कनिष्क कुमार, विश्वजीत आनंद, सचिन, पूर्णिमा गुप्ता और आकृति कुमारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसमें भाषण प्रतियोगिता में दीपिका राज (प्रथम), दीप अंशु (द्वितीय) व पूर्णिमा गुप्ता (तृतीय) रही। वहीं निबंध प्रतियोगिता में ममता कुमारी (प्रथम), जिया (द्वितीय) व सुहानी कुमारी (तृतीय) रही।

## सीबीआई ने रेलवे की विभागीय परीक्षा में पेपर लीक का किया भंडाफोड़

### 26 रेलवे अधिकारी गिरफ्तार 1.17 करोड़ नकद बरामद

**मेट्रो रेज, रांची :** सीबीआई ने पूर्व मध्य रेलवे के विभागीय परीक्षा पेपर लीक का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई की टीम ने 3 और 4 मार्च की रात छापेमारी अभियान शुरू किया। इस दौरान मुगलसराय में पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत विभागीय परीक्षा पेपर लीक घोटाले का पता लगाया और उसका भंडाफोड़ किया। इस संबंध में एक सीनियर डीईई (ऑप्स) और आठ अन्य रेलवे अधिकारियों और अज्ञात उम्मीदवार और अज्ञात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अभ्यर्थियों के पास हस्तलिखित प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी मिली पूर्व मध्य रेलवे ने मुख्य लोको निरीक्षकों के पदों के लिए चार मार्च को विभागीय परीक्षा निर्धारित की थी। सीबीआई द्वारा मुगलसराय में उक्त मध्य रात्रि में तीन स्थानों पर की गई जांच के दौरान कुल 17 अभ्यर्थियों के पास हस्तलिखित प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी पाई गई। अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी सीनियर डीईई (ऑपरेशन) को इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसने अपने हाथ से अंग्रेजी में प्रश्न लिखे थे और कथित तौर पर इसे एक लोको पायलट को दिया था। जिसने इसे हिंदी में अनुवाद किया और आगे एक ओएस (ट्रेनिंग) को दिया। कथित ओएस (ट्रेनिंग) ने कथित तौर पर इसे कुछ अन्य रेलवे कर्मचारियों के माध्यम से अभ्यर्थियों को दिया।

डीईई और अन्य रेलवे कर्मचारियों को सीबीआई ने किया गिरफ्तार : सीबीआई ने आरोपी सीनियर डीईई (ऑपरेशन) और अन्य रेलवे कर्मचारियों को पैसे इकट्ठा करने और प्रश्नपत्र वितरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया एमएसएमई मेगा आउटरीच कैंप का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांची :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा जेके सेलिब्रेशन में एमएसएमई मेगा आउटरीच कैंप का सफलतम आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्यमियों, महिला स्वयं सेवी समूह के सदस्य और बैंक के सम्मानित ग्राहकों द्वारा प्रतिभागिता दर्ज की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में एमएसएमई-डीएफओ, राँची से संयुक्त निदेशक एवं एचओओ इंद्रजीत यादव (आईईडीएस), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई से मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य प्रोद्योगिकी अधिकारी अनिल कुरील और अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मलित हुए । कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार के मार्गदर्शन में किया गया




। कार्यक्रम में उप क्षेत्र प्रमुख विभाष कुमार मिश्रा एवं नीरज कंधवे, सहायक महाप्रबंधक रवि किशोर बदुला, एमएलपी प्रमुख (राकेश कुमार), एमसीबी प्रमुख शैलेन्द्र कुमार तिवारी, आरएलपी प्रमुख विवेक कुमार, बिजनेस रिलेशनशिप मैनेजर एवं शाखा प्रमुख भी शामिल हुए ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रजीत यादव एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुरील, ने ग्राहकों को संबोधन में विभिन्न एमएसएमई उत्पादों की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए इसके महत्व को साझा किया । अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह ने यूनियन बैंक द्वारा एमएसएमई वित्तीयन में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के योगदान को रेखांकित किया तथा क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार ने ग्राहकों को एमएसएमई में प्रतिबद्ध सहयोग देने का संदेश दिया । संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव एवं बैंक के उपस्थित कार्यपालक गणों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों को कुल एमएसएमई में रु 77.76 करोड़ एवं कृषि में रु 10 करोड़ की अनुमोदित ऋण पत्रों का भी वितरण किया गया । यूनियन बैंक की एमएसएमई सुविधाओं से लाभान्वित कुछ ग्राहकों द्वारा अपनी सफलता की कहानी भी साझा की गई । कार्यक्रम के अंत में नीरज कंधवे, उप क्षेत्र प्रमुख ने उपस्थित ग्राहकों एवं मंचासीन अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों की आशाओं पर खरा उतरेगा तथा राँची शहर के विकास में सतत सहयोग प्रदान करेगा ।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला झारखण्ड, पिन नं0–835207
(नियोजनालय भवन, गुमला)
Email ID-eenhgumla-jhr@nic.in & eenhgumlajhr@gmail.com

### निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. :- NH/Gumla/03/2024-25 Dated 03.03.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Construction of Boundary Wall And Gate for Inspection Banglo at Gumla under NH Divisin, Gumla for the year 2024-25 |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 5273135=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह |
| 4 | निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05-03-2025 अपराह्न 3:00 बजे। |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20-03-2025 अपराह्न 3:00 बजे। |
| 6 | भौतिक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि का समय | 21-03-2025 अपराह्न 2:00 बजे। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | 21-03-2025 दोपहर 3:00 बजे मुख्य अभियंता, (सड़क) –सह–नोडल पदाधिकारी, ई-प्रोक्योरमेंट सेल, पथ निर्माण विभाग, प्रथम तल, अभियंत्र छात्रावास सं0-02, धुर्वा राँची–834004 (झारखण्ड) |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता । | कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला। जिला नियोजनालय भवन गुमला। |

टिप्पणी : कार्य की लागत में जी0एस0टी0 एवं श्रम उपकर सम्मिलित है।

- निविदा शुल्क एवं अग्रधन राशि का भुगतान संवेदक द्वारा ई-टेंडरिंग पोर्टल पर ऑनलाईन किया जायेगा।
- कार्य की राशि आवश्यकतानुरूप घट–बढ़ सकती है।
- निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
- बिना कारण बताये निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
- अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला।

PR 347742 Road(24-25)D


## गुस्साए हाथियों ने बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला

- शौच के लिए गया था जंगल

संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरमर गांव निवासी 72 वर्षीय वृद्ध टकलू गंझु को जंगली हाथियों ने कुचल कर मार डाला। बुधवार को उसका शव ग्रामीणों ने बरामद किया। जिसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की बात कही।

चंदवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मरमर गांव निवासी टकलू गंझू शौच के लिए गांव के बगल में स्थित जंगल में गए थे। इसी दौरान जंगली हाथियों ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें कुचल कर मार डाला।

काफी देर तक जब वृद्ध अपने घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई और उसकी छानबीन शुरू की। ग्रामीणों के साथ जंगल में जाकर देखा



तो वहां बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को दी।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** सूचना मिलने के बाद रेंजर नंदकुमार महतो के निर्देश पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की। मामले की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए उसके परिजनों के साथ लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के पुत्र विनय गंझु ने बताया कि उसके पिता शौच के लिए जंगल में गए थे। जहां जंगली हाथियों ने उनकी जान ले ली। विनय ने वन विभाग से मांग की है कि जिस स्थान पर हाथियों का जमावड़ा लगा रहता है, वहां कम से कम सूचनापट लगा दें, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

**4 लाख रुपए मिलेगा मुआवजाः** इस संबंध में रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि जंगली जानवरों की हिंसा में यदि किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत 4 लाख रुपए मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को उक्त राशि दी जाएगी। इसके लिए मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग में जमा करना होगा। फरवरी- मार्च होता है हाथियों का प्रजनन काल, रहते हैं उग्रः हाथियों के जानकार के अनुसार फरवरी और मार्च का महीना हाथियों का प्रजनन काल माना जाता है। इस दौरान हाथी काफी उग्र रहते हैं। जंगल में किसी भी व्यक्ति को देखकर हाथी गुस्से में आ जाते हैं और इस प्रकार की घटना को अंजाम देते हैं। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों से यह अपील की गई है कि हाथियों के निवास वाले जंगलों में जाने से बचें। इस मौसम में हाथियों के इलाके में जाना खतरनाक हो सकता है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### एन0 आर0 ई0 पी0 –1, राँची

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 51/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 08.03.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 10.03.2025 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 12.03.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन0आर0ई0पी0–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Community Toilets in Govt. School Pansakam Village Churgi Panchayat in Bundu Block Ranchi | 34,05,000.00 | 46,62,000.00 | 5,000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |
| | Construction of Boundary Wall at Government School | 7,71,000.00 | | | | |
| | Construction of Paver Block Road at Government School Panskam Panchayat Churgi in Bundu Ranchi | 4,86,000.00 | | | | |
| 2 | काँके प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम–चिरौंदी वार्ड संख्या–03 में धुमकुड़िया भवन निर्माण | 29,82,400.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | राँची जिला अन्तर्गत हेहल बगीचा टोली में स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण (पेवर्स ब्लॉक, सोलर लाईट की व्यवस्था) | 24,18,100.00 | 49,000.00 | 5,000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेंगे।
3. B.O.Q लेने के समय अग्रधन की राशि (F.D) साथ मे Registration, Ucan, Character Copy लगाना अनिवार्य होगा तभी B.O.Q दिया जायगा।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0–1, राँची

PR 347764 NREP(24-25)#D

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## कैंसर रोधी वैक्सीन कितनी कारगर

**रूस ने** घोषणा की है कि उसने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग के मुतसबिक, इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करता है) उत्पादन करना सिखाती है। जब यह एंटीजन कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।प्रश्न यह है कि यह वैक्सीन किस तरह से काम करती है? दरअसल, एमआरएनए कैंसर वैक्सीन इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वह पहचान में आने से बच जायें फलस्वरूप प्रतिरोधात्मक क्षमता उन्हें नष्ट नहीं कर पाती। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है और इम्यूनोथेरेपी का विचार यह है कि शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाये कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे तथा फैलने से रोके। इस उपचार में कीमोथेरेपी के विपरीत केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं।वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्यूनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि। अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाये, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।कैंसर की वैक्सीन का शोध केवल रूस में ही नहीं हुआ है। पिछले साल इंग्लैंड की नेशनल हेल्थ सर्विस ने कैंसर वैक्सीन लांच पैड स्थापित किया, जो एक ट्रायल कार्यक्रम है ताकि एमआरएनए व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में उन लोगों के लिए तेजी लायी जा सके, जिनको कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है और साथ ही कैंसर का उपचार करने के लिए कैंसर वैक्सीन के विकास को गति प्रदान की जा सके। अमेरिका में ग्लोबल बायोफर्मास्यूटिकल कंपनी क्योरवैक ने पिछले सितम्बर में घोषणा की कि सीवीजीबीएम कैंसर वैक्सीन ने ग्लिओबलस्टोमा (ब्रेन कैंसर) रोगियों पर पहले चरण के अध्ययन में उत्सावर्धक प्रतिरोधात्मक (इम्यून) प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित की हैं। वर्तमान में कैंसर वैक्सीन को लेकर संसार के विभिन्न हिस्सों में 120 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स चल रहे हैं। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यवैक्सीनह्न शब्द का प्रयोग भ्रामक है।जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपीलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी वैक्सीन जो हेपेटाइटिस बी वायरल संक्रमण को रोकने के लिए दी जाती है, उसकी भी जिगर के कैंसर को रोकने में सुरक्षात्मक भूमिका हो सकती है। डॉक्टर इस बात पर बल देते हैं, " इम्यूनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।" कोई भी नई ड्रग क्लिनिकल ट्रायल्स के अनेक चरणों से गुजरती है। इस प्रक्रिया में सालों लग जाते हैं। जब तक यह सब डाटा सार्वजनिक तौरपर उपलब्ध नहीं होता है, तब तक यह कहना कठिन है कि रूस की उपचार विधि किस स्तर पर है और वह कितनी सुरक्षित व प्रभावी है।

# डोनाल्ड ट्रंप करेंगे बड़ा धमाका

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प नाटो और संयुक्त राष्ट्र से हट सकते हैं? इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ट्रंप ऐसा करते हैं तो अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए कानूनी रूप से सिरदर्द पैदा हो जाएगा। दरअसल नाटो से बाहर निकलने के राष्ट्रपति के फैसले के लिए या तो दो-तिहाई सीनेट की मंजूरी होनी चाहिए या फैसले को कांग्रेस के एक अधिनियम के माध्यम से अधिकृत होना चाहिए।

अमेरिका का राष्ट्रपति पद दोबारा संभालने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह सरकार के खर्चों को कम करने के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठा रहे हैं उस कड़ी में कुछ और कड़े कदम भी उठाये जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि ट्रंप के सहयोगी उनको इस बात के लिए मनाने में सफल होते दिख रहे हैं कि अमेरिका को नाटो और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसे संस्थानों से भी बाहर निकल जाना चाहिए। हालांकि ट्रंप कोई भी फैसला करने से पहले तमाम मुद्दों पर विचार कर रहे हैं लेकिन वह इस बात के प्रबल पक्षधर हैं कि उनकी ओर से

**नीरज कुमार दुबे**

चलाये गये मागा अभियान के तहत देश को उन गठबंधनों या संस्थाओं से बाहर आना चाहिए जो अमेरिकी हितों का ख्याल नहीं करते हैं।

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क जिन्हें अमेरिका के सरकारी खजाने से हो रहे फिजूलखर्च को रोकने के लिए बनाये गये सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का प्रमुख बनाया गया है, उन्होंने सोशल मीडिया की जानी मानी हस्ती गुंथर ईगलमैन के उस सुझाव का समर्थन किया है जिन्होंने कहा थाः 'यह नाटो और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) छोड़ने का समय है।' इसके बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक संदेश के साथ रहस्य को और बढ़ा दिया, उन्होंने कहा, 'कल की रात बड़ी होगी।" हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार रात को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले हैं, जहां उनकी पार्टी के पास दोनों सदनों में बहुमत है।

हम आपको बता दें कि नाटो से बाहर आने के लिए तो अमेरिका में कई सांसदों की ओर से सार्वजनिक रूप से बयान भी दिये जाने लगे हैं। रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली ने नाटो को 'शीत युद्ध अवशेष' के रूप में वर्णित करते हुए तर्क दिया है कि यह यूरोप को असंगत रूप से लाभ पहुंचाता है। माइक ली काफी समय से नाटो की आलोचना करते रहे हैं। वह कहते रहे हैं कि यह गठबंधन 'यूरोप के लिए एक बड़ा सौदा' है लेकिन 'अमेरिका के लिए एक कच्चा सौदा' है। उन्होंने हाल ही में एक्स पर लिखा था- 'हमें नाटो से बाहर निकालो।' उन्होंने पिछले महीने अन्य सांसदों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकलने का आग्रह किया गया था और इस वैश्विक संस्था को 'अत्याचारियों के लिए एक मंच और अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करने का स्थान' बताया गया था। इसके अलावा ट्रंप के वफादार माने जाने वाले माजोर्री टेलर ग्रीन भी नाटो से अमेरिका की वापसी का आह्वान करने वालों में से हैं। हम आपको याद दिला दें कि ट्रंप ने पहले भी धमकी दी थी कि यदि अन्य सदस्य अपने रक्षा खर्च को बढ़ाने में विफल रहे तो नाटो को रूसी बस के नीचे फेंक दिया जाएगा। उन्होंने एक बार चेतावनी देते हुए कहा था, 'वास्तव में, मैं उन्हें (रूस को) जो कुछ भी वे करना चाहते हैं उसे करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। आपको भुगतान करना होगा। आपको अपने बिलों का भुगतान करना होगा।' ऐसी ही राय कई अन्य सांसदों, विधायकों ने भी व्यक्त की है। इस तरह देखा जाये तो अब एलन मस्क अमेरिका के नाटो सैन्य गठबंधन से बाहर निकलने के समर्थन में बयान देने वाले अकेले व्यक्ति नहीं रह गये हैं क्योंकि कई रिपब्लिकन सांसदों ने नाटो में अमेरिका की सदस्यता पर सवाल उठाया है, कुछ ने तो इस गठबंधन से तत्काल बाहर निकलने की मांग तेज कर दी है। इस बीच, यह सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका नाटो से बाहर निकलने का विकल्प चुन रहा है? दरअसल एलन मस्क द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसके लिए अपना समर्थन साझा करने के बाद हर कोई यही सवाल पूछ रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की सलाह पर ध्यान दिया तो अमेरिका और दुनिया के लिए इसका क्या मतलब होगा? इन सवालों का जवाब देने से पहले नाटो के बारे में ट्रंप के रुख को समझना जरूरी है। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सैन्य गठबंधन के आलोचक रहे हैं। जब वह पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़े थे तब भी उन्होंने इस गठबंधन को 'अप्रचलित' बताया था और अगस्त 2019 में तो उन्होंने यहां तक कहा था कि नाटो मर चुका है। अपने दूसरे कार्यकाल में भी ट्रंप नाटो के आलोचक रहे हैं। पद संभालने के कुछ ही दिनों बाद, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस गठबंधन के सदस्यों की रक्षा कर रहा था, लेकिन वे ₹हमारी रक्षा नहीं कर रहे थे।' उन्होंने नाटो सदस्यों को अपने सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने के लिए कहा। अभी नाटो सदस्य अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत ही रक्षा पर खर्च करते हैं जिससे अमेरिका नाराज है। ट्रंप की शिकायत है कि अमेरिका अपने बजट से नाटो में बहुत अधिक योगदान देता है जबकि यूरोपीय संघ के सदस्य रक्षा पर बहुत कम खर्च करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका नाटो के वार्षिक बजट का लगभग छठा हिस्सा योगदान देता है।

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प नाटो और संयुक्त राष्ट्र से हट सकते हैं? इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ट्रंप ऐसा करते हैं तो अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए कानूनी रूप से सिरदर्द पैदा हो जाएगा। दरअसल नाटो से बाहर निकलने के राष्ट्रपति के फैसले के लिए या तो दो-तिहाई सीनेट की मंजूरी होनी चाहिए या फैसले को कांग्रेस के एक अधिनियम के माध्यम से अधिकृत होना चाहिए। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहें तो इस नियम को दरकिनार कर सकते हैं लेकिन यदि उन्होंने ऐसा किया तो उन्हें कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं संयुक्त राष्ट्र की बात करें तो आपको बता दें कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर एक बाध्यकारी संधि है, जिसमें स्वैच्छिक वापसी का कोई प्रावधान नहीं है। यहां यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि अमेरिका उन पांच देशों में शामिल है जिनको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो पावर वाली स्थायी सदस्यता हासिल है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अमेरिका वीटो पावर वाली सदस्यता को छोड़ना चाहेगा? सवाल यह भी उठता है कि क्या सदस्यता छोड़ने के बाद यदि अमेरिका पुनः इस विश्व संस्था में लौटा तो उसे आसानी से स्थायी सदस्यता और वीटो शक्ति फिर से मिल पायेगी? हम आपको यह भी बता दें कि संयुक्त राष्ट्र के इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि मलेशिया के सुरक्षा परिषद में चुने जाने के विरोध में 1965-66 तक संयुक्त राष्ट्र से हटने वाला इंडोनेशिया एकमात्र देश था। हालाँकि, वे 1966 में वापस आ गए थे।

इसके अलावा यदि अमेरिका संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकलता है तो इससे इस विश्व निकाय की फंडिंग पर भी असर पड़ेगा क्योंकि अमेरिका ही इस संस्था का सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र से ट्रंप का हटना अमेरिका के उन सिद्धांतों को भी नष्ट कर देगा जिसके चलते अमेरिकी भूमि पर ही इस संस्था की स्थापना की गयी थी। हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप प्रशासन पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से हट चुका है, जिसका असर वैश्विक स्वास्थ्य पर पड़ा है।

इसके अलावा, यदि अमेरिका नाटो और संयुक्त राष्ट्र से बाहर आ जाता है तो इसके प्रभाव स्वरूप यूरोप तुरंत संभावित रूसी हमले के निशाने पर आ जायेगा। इसके अलावा यूक्रेन के लिए रक्षा आपूर्ति पूरी तरह खत्म हो जाएगी और उसके समक्ष रूस के साथ संघर्षविराम की स्थिति नहीं बल्कि आत्मसमर्पण की परिस्थिति होगी। इसके अलावा, अमेरिका के नाटो छोड़ने की संभावना कई यूरोपीय देशों को अपने सैन्य संसाधनों पर बेशुमार खर्च बढ़ाने के लिए मजबूर कर देगी। वहीं, यदि अमेरिका ने नाटो को छोड़ दिया तो इससे अमेरिका को यह नुकसान होगा कि यूरोप, अफ्रीका या पश्चिम एशिया में उसकी उपस्थिति नहीं रहेगी और दुनिया भर में कई सैन्य अड्डों तक उसकी पहुँच खत्म हो सकती है। इससे अमेरिका को यह भी नुकसान होगा कि कई देश रूस या चीन के करीब आ जायेंगे।

बहरहाल, देखना होगा कि अपने सहयोगियों के सुझावों पर ट्रंप क्या फैसला लेते हैं। लेकिन एक चीज तो स्पष्ट है कि यदि अमेरिका नाटो, संयुक्त राष्ट्र, आईएमएफ या विश्व बैंक से बाहर निकलता है तो वह निश्चित रूप से वैश्विक मामलों पर अपनी पकड़ खो देगा और चीन को सशक्त बना देगा। वैश्विक संस्थाओं से अमेरिका की वापसी तमाम देशों को चीन की कक्षा में धकेल देगी, जिससे दुनिया में अमेरिका की बादशाहत कम हो जायेगी। हाँ, ट्रंप के इन कदमों से अमेरिका को यह फायदा जरूर होगा कि उसके पैसे काफी बच जाएंगे। लेकिन सवाल उठता है कि क्या पैसे बचाने के लिए दुनिया का बॉस समझा जाने वाला देश अलग-थलग पड़ जाने का रिस्क उठायेगा?

# मास्टर छोटूराम : गायन-लेखन और शिक्षण के सारथी

इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यूट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो के रूप में फ्री में शेयर करते हैं, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होंने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है।

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे हैं। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए हैं। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए हैं और पैसों के पीछे दौड़ पड़े हैं, जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार हैं जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे हैं। जी हाँ, उनमें से एक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बा सिवानी के गाँव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम।

किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे हैं। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक हैं। देशभर में हजारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों; शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते हैं तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है।

इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यूट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो के रूप में फ्री में शेयर करते हैं, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होंने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है। देशभर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे-सुने जा सकते हैं। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है, तब भी इन्होंने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज करवाया है। बेशक आज के तड़क-भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार और फैशन की फटकार- इनके पहले दो ऑडियो एल्बम हैं जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे हैं और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फिल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसे बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐतिहासिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रातभर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियो और ऑडियो पसंद करती नजर आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहे है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए। ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएँ वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहे हैं, क्या सुन रहे हैं। अच्छे कलाकार और उनकी कला समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेदारी है।

प्रदेश एवं केंद्र सरकार को आज की बिगड़ती संस्कृति के लिए दोषी गानों को खासकर यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर बैन करना चाहिए। मास्टर छोटूराम जैसे कलाकारों को ढूँढ़कर उनके लिए एक सरकारी प्लेटफार्म एवं आर्थिक पैकेज की व्यवस्था करने की जरूरत है ताकि ऐसे सभी कलाकार हमारी संस्कृति को बचाने के लिए चल रहे प्रयासों को और आगे गति दे सकें। हमारे वीर सपूतों की जीवनियों को मास्टर छोटूराम की तरह रागिनी, नाटक और किस्सों के जरिये अब बदलते दौर के डिजिटल उपकरणों के माध्यम से घर-घर तक पहुँचाने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी हमारे वीरों के आदर्शों को अगली पीढ़ी तक सौंप सके। इसलिए जरूरी है कि केंद्र सरकार ऐसे जमीन से जुड़े सच्चे कलाकरों के लिए अलग से कानून बनाकर हर राज्य सरकार को अपने क्षेत्र के हिसाब से लागू करवाए, तभी हमारी संस्कृति, संस्कार और धरोहर बच पाएंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ब्रज में 40 दिनों तक मनाया जाता है होली

पूरी दुनिया में ब्रज की होली फेमस है। यहां पर होली का पर्व करीब 40 दिनों तक मनाया जाता है। ब्रज की फेमस होली का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रज पहुंचते हैं। यहां पर कई तरह की होली खेली जाती है। लेकिन बरसाना की लट्ठमार होली आकर्षण का मुख्य केंद्र मानी जाती है। ऐसे में अगर आप भी इस होली बरसाना आना चाहते हैं, तो आपको बरसाना में कुछ फेमस और प्राचीन मंदिरों के दर्शन जरूर करना चाहिए।



**राधा रानी मंदिर :** बरसाना में राधा रानी मंदिर यहां का सबसे फेमस धार्मिक स्थल है। राधा रानी मंदिर ब्रह्मांचल पहाड़ी पर स्थित है। इस मंदिर को 'राधारानी महल' और 'लाडली जी का मंदिर' भी कहा जाता है। यह मध्यकाली प्राचीन मंदिर है। राधा रानी मंदिर लाल और पीले पत्थरों का बना है। इस सुंदर और भव्य मंदिर का निर्माण साल 1675 में राजा वीरसिंह ने कराया था। इस मंदिर से आपको बरसाना गांव का नजारा बेहद आकर्षक नजर आएगा।

**नारायण भट्ट जी निवास स्थान :** बरसाना में राधा रानी मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित नारायण भट्ट जी का निवास स्थान है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने नारायण भट्ट जी को ब्रज की खोज के लिए ही पृथ्वी लोक पर भेजा था। बरसाना के राधा रानी मंदिर में राधारानी का विग्रह आज भी मौजूद है। जोकि गोस्वामी नारायण भट्ट जी ने प्रकट किया था। बताया जाता है श्रीराधा रानी को नारायण भट्ट जी अपनी पुत्री के रूप में पूजते हैं। इसी वजह से ब्रज के लोग राधा रानी को प्यार से 'लाडली' या 'प्यारी बेटी' कहने लगे।

**सखी ललिता का मंदिर :** वहीं बरसाना गांव से करीब 2 किमी की दूरी पर ऊंचा गांव में राधारानी की प्रधान सखी ललिता देवी का मंदिर है। ललिता और कृष्ण के दिव्य विवाह का साक्षी यहां पर स्थिति सखिगिरि पर्वत आज भी है। धार्मिक मान्यता है कि ललिता सखी और अन्य सखियों के साथ श्रीकृष्ण ने सखिगिरी पर्वत पर सात फेरे लिए थे।

**कीर्ति मंदिर :** बता दें कि बरसाना का एक खास मंदिर कीर्ति मंदिर है। यह मंदिर देवी राधा और उनकी मां कीर्ति को समर्पित है। इस मंदिर का नाम कीर्ति देवी राधा की माता के नाम पर है। कीर्ति मंदिर दुनिया के ऐसा इकलौता मंदिर है, जहां पर राधा रानी मां की गोद में हैं। मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे के दोनों तरफ अष्ट सखियां लाडली जी को निहारती नजर आएंगी।

## सेहत

### बदलते मौसम में पेट की सेहत पर पड़ता है बुरा असर

बदलते मौसम का असर सेहत पर साफ नजर आता है। बदलते मौसम में लोग कई तरह की बीमारियों और संक्रमणों का शिकार हो सकते हैं। धीरे-धीरे मौसम बदलना शुरू हो रहा है। आमतौर पर लोगों को बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन बीमारियां सिर्फ जुकाम-बुखार तक सीमित नहीं होती है, बल्कि इस दौरान कई लोगों को पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बदलते मौसम में आपको पेट संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। क्योंकि इन समस्याओं को गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बदलते मौसम के कारण पेट की सेहत पर कैसा असर होता है।

**बदलते मौसम का पेट पर असर :** हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक बदलते मौसम में व्यक्ति को पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वहीं इन समस्याओं की मुख्य वजह डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव आना है। जैसे, सर्दियों में लोग पानी पीना कम कर देते हैं, जिसकी वजह से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। शरीर में पानी की कमी और कैलोरी युक्त खाने की वजह से ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**पेट पर बुरा असर पड़ने के कारण :** सर्दियों के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए ब्लड का फ्लो पेट और आंतों में कम हो जाता है। जिसकी वजह से व्यक्ति को पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसी तरह से गर्मी में शरीर को ठंडा रखने के लिए ब्लड फ्लो स्किन की तरफ बढ़ जाता है। ऐसे में पाचन तंत्र में ब्लड फ्लो कम होता है और भूख की कमी और मेटाबॉलिक रेट कम होने जैसी कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# गढ़वा में बंद पड़े बायोगैस प्लांट को चालू करने की उठी मांग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गढ़वाः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 2 गोबर गैस प्लांट का उद्घाटन होने के बावजूद लाभुकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. पेयजल स्वच्छता विभाग की ओर से गढ़वा के दो प्रखंडों में गोबर धन योजना के तहत 50 लाख की लागत से 2 गोबर गैस प्लांट का निर्माण कराया गया था. लेकिन कुछ ही दिन चलने के बाद लाभुक इसके लाभ से वंचित हो गए. हालांकि विभाग इसे फिर से संचालित करने की बात कर रहा है.

दुर्भाग्य की बात यह है कि इतनी अच्छी योजना की ओर किसी का ध्यान नहीं गया. हालांकि योजना के शुरू होने के बाद यह योजना 15 दिनों तक स्थानीय लोगों को लाभ पहुंचाती रही. ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से उन्हें लाभ मिल रहा था. उन्हें महंगे दामों पर एलपीजी सिलेंडर नहीं खरीदना पड़ रहा था. लेकिन योजना के बंद होते ही उन्हें सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है. वहीं, कुछ ग्रामीण ठप हुई योजना के लिए प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेदार मान रहे हैं.



गोबर की उपलब्धता कम के कारण बंद करना पड़ा प्लांटः कायार्पालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कायार्पालक अभियंता अभय कुमार सिंह इस योजना के बारे में कहते हैं कि जिस-जिस जगह इस योजना को लागू किया गया था, वहां गाय की संख्या ज्यादा थी, मकसद एक ही था कि हर दिन गोबर की उपलब्धता रहेगी तो प्लांट भी सुचारू रुप से चलेगा लेकिन पशु मालिकों ने पशु को ही बेच दिया है, जिसके चलते इस प्लांट को गोबर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. जिसकी वजह से इसे बंद करना पड़ा लेकिन इसे फिर से संचालित करने की कोशिश की जा रही है.

गोबर धन योजना एक ऐसी योजना है जो गोबर से गैस बनाती है और इसे घरों तक पहुंचाने का काम करती है. इसके घरों में पहुंचने से लोगों को एलपीजी गैस की जरूरत नहीं पड़ती है. इसलिए इस प्लांट को वैज्ञानिक विधि से बनाया गया है. जिसमें गांव के 20 से 25 ग्रामीण परिवारों को इसका सीधा लाभ पहुंचता है. ग्रामीण गोबर को इकट्टा करके प्लांट में जमा कर देते हैं. जिसके बाद उसे रिसाइकल करके उसे बड़े ड्राम में डाला जाता है. जिसके बाद सूरज की किरणों से गैस का रूप लेता है और इसी गैस को गांव में बने समूह के घरों को कनेक्शन के माध्यम सप्लाई की जाती है और यही गैस खत्म होने के बाद खाद्य का रूप ले लेती है. जिसका किसान इसका उपयोग खेतों में खाद्य के लिए कर लेते हैं.

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर मारपीट चार घायल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोडी टोला निवासी नंदलाल सिंह सहित उसको परिवार के सदस्यों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट किया हैं।पिडित ने इसकी शिकायत मुफस्सिल पुलिस से किया हैं।घायल नंदलाल सिंह ने बताया कि गांव का ही रहने वाला आनंद सिंह ,गंगा सिंह सहित अन्य लोगों ने बिना किसी बात कर मारपीट करने लगे। जब विरोध किया तो सभी ने हथियार सटकर लोहे की रेट बहुत तलवार से मेरे पूरे परिवार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें भारती सिंह, डोमन सिंह हरेराम हालदार को गंभीर चोट लगी है। किसी तरह से हम सभी अपनी जान बचाकर मुफस्सिल थाना पुलिस के पास पहुंचे जहां मुफस्सिल पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मुफस्सिल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### साहिबगंज पुलिस द्वारा आइआर एडी प्रशिक्षण लंबित आंकड़ों का सत्यापन



साहिबगंजःपुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार साहिबगंज जिले के बोरियो थाना बरहेट थाना और रांगा थाना परिसर में कयानी एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जिला आइआर एडी प्रबंधक मनोज कुमार एन आइसी साहिबगंज द्वारा संबंधित थाना प्रभारी एवं केस के अनुसं धानकर्ता को आइआर एएडी और इडीएआर के तहत दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों के आंकड़ों को ऑनलाइन डेटाबेस में अपलोड करने एवं लंबित मामलों के सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिले के तीनों थानों के थाना प्रभारी व आइओ को सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े लंबित मामलों के सत्यापन एवं डिजिटल अपलोडिंग करने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण के बाद पूर्व में दर्ज किए गए सड़क दुर्घटनाओं के मामलों का सत्यापन भी किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी केस के इओ व जिला आइआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार उपस्थित रहे।

### जिले के खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारना है : उपायुक्त



**साहिबगंज :** जिला में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चांद-भैरो और फूलों-झानो इंडोर स्टेडियम में खेल बैंक की स्थापना की गई है। इसका उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती के द्वारा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि खेल बैंक का उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारना है। इससे जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी।खेल बैंक के माध्यम से फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल समेत कई खेलों की सामग्री खिलाड़ियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान कई खिलाड़ी, खेल प्रेमी और पदाधिकारी मौजूद रहे।उपायुक्त ने जिले के युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### टेटनस डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन, साहेबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया जिला प्रजन्न व शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी, साहेबगंज डॉ किरण माला द्वारा पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, साहिबगंज में संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान में 10 वर्ष से 16 वर्ष तक के किशोर एवं किशोरियों को टेटनस और डिप्थीरिया की बिमारियों से बचाव हेतु कुल 208 छात्र-छात्राओं को टीके से अच्छादित किया गया 'मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राज कपूर, शिक्षकगण एवं सहायक जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य पदाधिकारी आदित्य कुमार उपस्थित थे।

### प्रधान लिपिक के निधन पर कर्मियों ने रखा शोक सभा

साहिबगंजः जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक पद पर कार्यरत मनोज कुमार झा का बीते दिन अचानक निधन हो गया।विगत कई माह से अस्वस्थ चल रहे थे।दुखद घटना की खबर मिलते ही कार्यालय कर्मी में शोक की लहर दौड़ गई।वही सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक एवं झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के कर्मियों ने कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं इस दुख के घड़ी में परिवारजनों को सहन शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा की प्रधान लिपिक मनोज कुमार झा एक मेहनती ,मिलनसार एवं नेक व्यक्तित्व के व्यक्ति थे।वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अचानक हम लोगों के बीच से चले जाना जानकार काफी दुख हुआ।इस दुख में हम सभी उनके परिवार के साथ है।वही अपने पीछे पत्नी दो बेटा एवं एक बेटी भरा पूरा परिवार को छोड़ गए।

### विधायक कक्ष में लगा जनता दरबार

# जनसमस्याओं से रूबरू हुए विधायक प्रतिनिधि बरकत खान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रत्येक मंगलवार की भांति बरहरवा प्रखंड परिसर में स्थित विधायक कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान रूबरू हुए।इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में जमीन संबंधी,मईया सम्मान योजना संबंधी,पेंशन संबंधित शिकायत,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने की शिकायत,ग्रीन कार्ड न बनने की शिकायत,जाति आय निवास से संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की।बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वातालर्पाप किया और कुछ समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया एवं उक्त समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।ज्ञात हो कि पाकुड़ विधानसभा विधायिका निसात आलम के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के आम लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु जनता दरबार के माध्यम से निदान करने के लिए निर्देशित किया गया है,जिसके अनुरूप विधायक प्रतिनिधि बरकत खान प्रत्येक मंगलवार को विधायक कक्ष में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन करते है,और सम्याओं का हर सम्भव समाधान करते है।मौके पर स्थानीय ग्रमीणों के साथ दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।




# जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुलिस लाइन परिसर में किया गया।उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा व जिला शिक्षा अधीक्षक हर्ष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।उक्त प्रदर्शनी में प्रखंड स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों ने भाग लिया।जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय साहिबगंज ने प्रथम स्थान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवगछि राजमहल ने द्वितीय स्थान एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटी बगिया मेरी तालझारी प्रखंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजय होने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया।अतिथियों का स्वागत कुमारी डॉली,जिला जेंडर समन्वयक शबनम तबस्सुम, कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार गुप्ता जिला एमआईएस प्रभारी ने किया।कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में प्रभात कुमार,प्रणव शर्मा एवं मोहम्मद फारूक हुसैन ने निर्णय के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की।इस अवसर पर सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिरी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला के आदित्य कुमार जयंत कुमार प्रदीप मंडल वीर प्रकाश मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हुआ तो होगा अंचल कार्यालय में तालाबंदी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** शेरशाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत में अति विलंबता से नाराज संगठन ने फिर से आंदोलन के लिए मुड़ बना रहे है।मिली जानकारी के अनुसार विगत 16 दिसंबर 2024 को शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन अंचल अधिकारी के समक्ष किया गया था,तत्पश्चात अंचल अधिकारी के आदेश के उपरांत प्रक्रिया अनुसार हल्का कर्मचारी द्वारा अपना स्थानीय जाँच तथा ग्राम सभा करके अपना रिपोर्ट अंचल निरीक्षक को जमा कर चुके हैं तथा अंचल निरीक्षक ने भी अपना मंतव्य अंचल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं।परन्तु अंचल अधिकारी अभी तक उपरोक्त आवेदनों को लेकर बैठे हुए है और जब हम आवेदक इसकी जानकारी लेने की कोशिश करते है। तो अंचल कार्यालय में अनुपस्थित पाया जाता है। और आज भी घंटो प्रतीक्षा के बाद भी वार्ता न होने से आक्रोशित संगठन के सदस्य ने चेतावनी देते हुए कहा यदि लंबित शेरशाहबादी जाति के आवेदनों का निष्पादन जल्द नहीं हुआ तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी या सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे।ज्ञात हो कि अपर समहर्ता साहिबगंज द्वारा 24 सितंबर 2024 को आदेश जारी किया गया था।इसी के आलोक में मे 16 दिसंबर को आवेदन समर्पित किया गया था।मौके पर संगठन के सदस्य अजमाइल हक,इस्तियाक अलम,अशरफ हुसैन, शाहिन, शकिल अहमद,तोफाइल,अब्दुर रहमान, इसार अहमद, अशदग, अतिकुर, परवेज मुस्ताफिजुर तौअब, मनिरूल,नूर अलम आदि मौजूद थे।




### बाइक की टक्कर से एक वृद्ध घायल

साहिबगंजःबरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत लाखिया फाटक बरमसिया निवासी सुरजा पहाड़िया को अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए चंद्रगोडा स्वस्थ केंद्र ले गये।जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।जहां सदर अस्पताल पहुंचने पर घायल सुरजा पहाड़िया ने बताया कि चंद्रगोडा सीएसपी से पैसा निकाल कर अपने घर जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

# देवघर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए चलाया जाएगा अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघरः** जिले में बिजली की चोरी एक बड़ी समस्या है. शहर के करीब 80% घरों में अब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगा है. देवघर के बिजली विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शहर में करीब सवा लाख उपभोक्ता हैं. जिसमें करीब 700 उपभोक्ता ही फिलहाल स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे हैं.

इस संबंध में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल देवघर के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीरज आनंद बताते हैं कि राज्य सरकार की योजना के तहत देवघर जिले के लोगों का 53 करोड़ रुपये का बिजली बिल माफ किया गया है. वहीं प्रत्येक उपभोक्ता को 200 यूनिट बिजली माफी का लाभ दिया जा रहा है. जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं वह सरकार की इस योजना का आसानी से लाभ उठा रहे हैं.

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीरज आनंद ने बताया कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं उन घरों की मीटर रीडिंग सही तरीके से नहीं आ पा रही है. इस कारण कई उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली फ्री का लाभ नहीं मिल पा रहा. उन्होंने बताया कि वर्तमान में जो साधारण मीटर लगे हुए हैं उसमें छेड़छाड़ की वजह से रीडिंग सही नहीं आ पाती है. जिससे कहीं ना कहीं राजस्व का भी नुकसान हो रहा है. उन्होंने कहा कि देवघर के हर घर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बिजली विभाग के द्वारा अभियान चलाया जाएगा. साथ ही लोगों को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए जाएंगे.

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीरज आनंद ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगवाकर लोग अपने घरों की बिजली की खपत को कम कर सकते हैं. बिजली बिल अपने घर में बैठे-बैठे जमा कर सकते हैं. वहीं बिजली चोरी होने की समस्या भी स्मार्ट मीटर लगाने से समाप्त हो जाती है. प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं. बिजली विभाग की तरफ से सवा लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का टारगेट रखा गया है. आने वाले दिनों में इस टारगेट को जल्द पूरा कर लिया जाएगा.








# अक्षय और शिल्पा 30 साल बाद 'चुरा के दिल मेरा' पर थिरकते दिखे

अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी 90 के दशक की सबसे लोकप्रिय जोड़ियों में से एक रहे हैं। दोनों ने 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'धड़कन' और 'इंसाफ' जैसी कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब सराहा। हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में अक्षय और शिल्पा ने फिर से मंच शेयर किया। इस मौके पर दोनों ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' के मशहूर गाने 'चुरा के दिल मेरा' पर धमाकेदार डांस किया। सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के डांस का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों 'चुरा के दिल मेरा' गाने पर थिरकते नजर आ रहे हैं। शिल्पा ने इस दौरान सफेद साड़ी पहन रखी थी, जबकि अक्षय भी सफेद कोट-पैंट में बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। इस वीडियो पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। एक प्रशंसक ने कमेंट किया, ₹पुरानी यादें ताजा हो गईं।₹ वहीं, दूसरे ने लिखा, ₹ये मेरी फेवरेट जोड़ी है! अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया है, लेकिन चुरा के दिल मेरा उनके करियर का सबसे यादगार गीत माना जाता है। मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी के अलावा, यह जोड़ी जानवर, इंसाफ और धड़कन जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। दर्शकों ने हमेशा इनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को पसंद किया है।

# बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी'

अभिनेता सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी' 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। निर्माताओं को इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रही। महज 4 दिनों में इसकी कमाई लाखों में सिमट गई है। अब 'क्रेजी' के चौथे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक की सबसे कम कमाई दर्ज कर रहे हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 'क्रेजी' ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को सिर्फ 75 लाख रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 4.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। फिल्म ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दिन 1 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे दिन इसने 1.35 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि तीसरे दिन इसका कलेक्शन 1.4 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, चौथे दिन की गिरावट ने इसकी बॉक्स ऑफिस पर स्थिति को और कमजोर कर दिया है। 'क्रेजी' में सोहम शाह एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी बेटी के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। फिल्म में उनका किरदार अभिमन्यु सूद का है, जिसकी बेटी का अपहरण हो जाता है। उसे बचाने के लिए अभिमन्यु 5 करोड़ रुपये का इंतजाम करता है और इस दौरान उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिल्म के प्रमोशन के तहत एक खास ऑफर भी दिया जा रहा है। दर्शकों को 'क्रेजी' की एक टिकट पर दूसरी मुफ्त मिल रही है। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए टिकट बुकिंग के दौरान 'CRAZXY' कोड का इस्तेमाल करना होगा।-



# रणबीर कपूर की रामायण से बाहर हुईं अभिनेत्री कुब्रा सैत

रणबीर कपूर की रामायण हर कोई उत्सुक है। नितेश तिवारी फिल्म निर्देशन कर रहे हैं। साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी ने माता सीता की भूमिका निभाई है। रणबीर-सई की जोड़ी पहली बार पर्दे पर नजर आएगी। इसके अलावा फिल्म की अन्य स्टारकास्ट भी दमदार होने वाली है। इसी बीच हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार फिल्म से एक एक्ट्रेस का पत्ता कट गया है। फिल्म 'रामायण' की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है, लेकिन अब एक अभिनेत्री को फिल्म से हटा दिया गया है। अभिनेत्री कुबरा सैत ने 'शूर्पणखा' की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया। लेकिन हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुबरा ने कहा, ₹मैं अपनी नाक की वजह से इस रोल के लिए बिल्कुल सही थी। लेकिन मुझे कास्ट नहीं किया गया। अब मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूं कि उन्होंने इस रोल के लिए किसे चुना है। कुबरा सैत ओटीटी जगत में वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' के लिए मशहूर हैं। वह काजोल की सीरीज 'द ट्रायल' में भी नजर आई थीं। इसके अलावा शाहिद कपूर की हालिया फिल्म 'देवा' में भी उनकी भूमिका थी। अभिनेत्री इंदिरा कृष्णन फिल्म 'रामायण' में माता कौशल्या की भूमिका निभा रही हैं। एक इंटरव्यू में दी गई जानकारी के अनुसार, रणबीर श्री राम की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि यश रावण की भूमिका निभाएंगे। अभिनेता रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं जबकि अरुण गोविल दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं। चर्चा है कि अभिनेत्री लारा दत्ता कैकेयी की भूमिका निभा सकती हैं।





# हुमा कुरैशी का कमबैक 'महारानी-4' का टीजर रिलीज

साल 2021 में आई वेब सीरीज 'महारानी' में हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उनकी शानदार अदाकारी को लेकर उन्हें खूब प्रशंसा मिली। पहले सीजन की सफलता के बाद 2022 में इसका दूसरा सीजन आया, फिर 2023 में तीसरा भाग भी रिलीज हुआ, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अब मेकर्स ने 'महारानी' के चौथे सीजन का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। हुमा कुरैशी एक बार फिर रानी भारती के दमदार किरदार में नजर आएंगी। 'महारानी 4' का टीजर भी रिलीज हो चुका है, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। 'महारानी-4' का टीजर दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। यह सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर दस्तक देगी।, हालांकि इसकी रिलीज डेट का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। मेकर्स ने टीजर शेयर करते हुए लिखा, 'तैयार हो जाइए... महारानी फिर लौट रही है, चौथी बार!' इस बार भी निर्देशन की कमान पुनीत प्रकाश ने संभाली है। हुमा कुरैशी के साथ सोहम शाह, अमित सियाल, कानि कुश्रुति, अनुजा साठे और इनामुलहक जैसे शानदार कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।–

# मोहम्मद सिराज के साथ रिलेशनशिप में होने की अफवाहों पर माहिरा शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

बिग बॉस 13 की एक्स कंटेस्टेंट माहिरा शर्मा और क्रिकेटर मोहम्मद सिराज के रिलेशनशिप में होने की खबरें माया नगरी में काफी समय से चल रही हैं। अब एक्ट्रेस ने सामने आकर इन अफवाहों को खारिज कर दिया है। माहिरा ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी को डेट नहीं कर रही हैं। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि फैंस आपका नाम किसी से भी जोड़ देते हैं। उन्होंने इन सभी अफवाहों से निपटने के बारे में भी बात की। फिल्मी ज्ञान के साथ एक साक्षात्कार में, माहिरा ने सिराज के साथ रिलेशनशिप में होने की अफवाहों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'किसी का कुछ नहीं है। मैं किसी को डेट नहीं कर रही हूं।' जब उनसे पूछा गया कि वह अफवाहों से कैसे निपटती हैं, तो माहिरा ने जवाब दिया कि प्रशंसक आपको किसी से भी जोड़ सकते हैं। हम उन्हें रोक नहीं सकते। जब मैं काम करती हूं, तो मैं उनसे (सह-कलाकारों) भी जुड़ जाती हूं। वे संपादन करते हैं और सब कुछ करते हैं। लेकिन मैं इन सब को ज्यादा महत्व नहीं देती। अगर आपको यह पसंद है, तो करें, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। पिछले महीने,





ETimes ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया था कि माहिरा और सिराज रिलेशनशिप में हैं और इसे 'गुप्त' बनाए हुए हैं। सिराज द्वारा माहिरा के एक इंस्टाग्राम पोस्ट को लाइक करने और फिर उन्हें फॉलो करने के बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें उड़नी शुरू हुई थीं।

माहिरा शर्मा से पहले, उनकी माँ सानिया शर्मा ने टाइम्स नाउ के साथ एक साक्षात्कार में अफवाहों का खंडन किया था। उन्होंने कहा था, 'आप क्या कह रहे हैं? लोग कुछ भी कहते हैं। अब जब मेरी बेटी एक सेलिब्रिटी है, तो लोग उसका नाम किसी के साथ भी जोड़ देंगे, तो क्या हमें उन पर विश्वास करना चाहिए?' माहिरा शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत तारक मेहता का उल्टा चश्मा से की थी। वह नागिन 3, कुंडली भाग्य और बेपनाह प्यार जैसे टीवी शो से मशहूर हुईं। हालांकि, उन्हें सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 13 से जबरदस्त लोकप्रियता मिली और वह घर-घर में मशहूर हो गईं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताऊ पारी के बाद कोहली बोले-

# इस पिच पर साझेदारी बनाना सबसे अहम था

**एजेंसी**

**दुबई।** भारतीय टीम ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को सेमीफाइनल में विराट कोहली की संयमित पारी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराते हुए 265 रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। कोहली ने 98 गेंदों पर 84 रनों की अहम पारी खेली और टीम को जीत की ओर ले गए।

मैच के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए कोहली ने कहा, 'ऐसे खेल में दबाव बनाना सबसे अहम होता है, खासकर सेमीफाइनल और फाइनल जैसे बड़े मुकाबलों में। अगर आप अंत तक डटे रहते हैं और विकेट हाथ में होते हैं, तो विपक्षी टीम पर दबाव बढ़ता जाता है और खेल आसान हो जाता है।'

भारत को 30 रन पर पहला झटका लगा, जिसके बाद कोहली क्रीज पर आए। उन्होंने पहले श्रेयस अय्यर (91 रन की साझेदारी), फिर अक्षर पटेल (44 रन की साझेदारी) और अंत में केएल राहुल (47 रन की साझेदारी) के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हार्दिक पांड्या और राहुल ने मिलकर जीत की औपचारिकता पूरी की।



कोहली ने अपनी पारी के दौरान सिर्फ पांच चौके लगाए और कोई छक्का नहीं मारा। उनकी 84 रनों की पारी में 56 रन सिंगल्स से आए। उन्होंने कहा कि पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह रणनीति अपनाई।

कोहली ने कहा 'यह हालात पाकिस्तान के खिलाफ मैच की तरह ही थे। उस दिन भी मैंने अपनी पारी में सिर्फ सात चौके लगाए थे। मेरे लिए जरूरी था कि मैं परिस्थिति को समझूं और स्ट्राइक रोटेट करूं, क्योंकि इस पिच पर साझेदारी सबसे अहम थी। मेरा एकमात्र उद्देश्य टीम के लिए उपयोगी साझेदारियां बनाना था।,

कोहली पूरे मैच के दौरान संयमित नजर आए और उन्होंने 43वें ओवर तक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश नहीं की। लेकिन जब उन्होंने एडम जंपा की गूगली पर छक्का लगाने की कोशिश की, तो वह लॉन्ग ऑन पर कैच आउट हो गए।

'मैंने क्रीज पर खुद को शांत रखा और सिंगल्स लेते हुए अपनी पारी को आगे बढ़ाया। जब एक बल्लेबाज सिंगल लेने पर गर्व महसूस करने लगता है, तो वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा होता है और लंबी साझेदारी बनाने की ओर बढ़ता है, कोहली ने कहा। अब भारत को फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी का इंतजार है। दूसरा सेमीफाइनल बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। इसके विजेता से भारत का सामना रविवार को दुबई में होगा।

# बीजिंग हाफ मैराथन में दौड़ेंगे ह्यूमनॉइड रोबोट

**एजेंसी**

**बीजिंग।** इस साल अप्रैल में होने वाले बीजिंग हॉफ मैराथन में मानवरूपी (ह्यूमनॉइड) रोबोट हिस्सा लेंगे, जबकि अगस्त में ह्यूमनॉइड रोबोट खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। यह जानकारी बीजिंग नगर सरकार के सूचना कार्यालय द्वारा मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी गई।

यह हाफ मैराथन बीजिंग के दक्षिण-पूर्व में स्थित बीजिंग आर्थिक-तकनीकी विकास क्षेत्र में 13 अप्रैल को होगी। इस प्रतियोगिता में रोबोट और मानव एथलीट एक ही मार्ग पर दौड़ेंगे, लेकिन रोबोटों के लिए अलग ट्रैक निर्धारित किया जाएगा। इन ट्रैकों को बैरियर या ग्रीन बेल्ट से सुरक्षित किया जाएगा, जिससे मानव और रोबोट दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



प्रतियोगिता के लिए रोबोटों के लिए अधिकतम समय सीमा 3 घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है। इस दौरान टीमें बैटरी बदलने या रिले फॉर्मेट में रोबोट बदलने की अनुमति प्राप्त करेंगी। अंतिम मूल्यांकन में समय और प्रतिस्थापन की संख्या को ध्यान में रखा जाएगा, जहां प्रत्येक प्रतिस्थापन पर 10 मिनट का अतिरिक्त जुमार्ना लगाया जाएगा। प्रतिभागी रोबोटों को ह्यूमनॉइड डिजाइन का होना आवश्यक है और वे केवल द्विपाद चाल (बाइपेडल वॉकिंग या रनिंग) में सक्षम होने चाहिए। पहिएदार रोबोटों को इस प्रतियोगिता में अनुमति नहीं होगी। नियंत्रण विधियों में मैनुअल रिमोट कंट्रोल (अर्ध-स्वायत्त सहित) या पूर्ण स्वायत्त संचालन शामिल हो सकते हैं। टीमें यह सुनिश्चित करेंगी कि उनके रोबोट ट्रैक, अन्य रोबोटों या आसपास के लोगों को नुकसान न पहुँचाएं और वे निर्दिष्ट मार्ग और सभी तकनीकी नियमों का पालन करें। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाले रोबोट को क्रमशः 5,000, 4,000 और 3,000 युआन (लगभग 697, 558 और 418 अमेरिकी डॉलर) का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा, अन्य विशेष पुरस्कार जैसे 'कम्प्लीशन अवॉर्ड', 'बेस्ट एंड्योरेंस अवॉर्ड' और 'मोस्ट क्रिएटिव डिजाइन अवॉर्ड' भी प्रदान किए जाएंगे। ह्यूमनॉइड रोबोट विकास टीमों को भी विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। यह प्रतियोगिता वैश्विक रोबोट कंपनियों, शोध संस्थानों, रोबोट क्लबों और विश्वविद्यालयों के लिए खुली है। गौरतलब है कि चीन में रोबोटिक्स उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। मजबूत पूंजी निवेश से इस क्षेत्र को निरंतर प्रगति मिल रही है और इसका उपयोग उद्योगों, स्वास्थ्य सेवा और सेवा क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ता जा रहा है। शंघाई में आयोजित 2024 वर्ल्ड एआई कॉन्फ्रेंस में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में चीन का ह्यूमनॉइड रोबोट बाजार लगभग 2.76 बिलियन युआन का था। यह 2029 तक बढ़कर 75 बिलियन युआन तक पहुँचने की उम्मीद है, जो वैश्विक बाजार का 32.7 प्रतिशत होगा।

# अमेरिका में स्वर्ण युग शुरू
# कांग्रेस के संयुक्त सत्र में बोले ट्रंप

एजेंसी



**वाशिंगटन ।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। दूसरे कार्यकाल के अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी जीत का जश्न मनाया। बोले स्वर्ण युग अब शुरू हुआ है। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी उपलब्धियों को भी गिनाया। इनमें अमेरिका की खाड़ी का नाम बदलना, ट्रांसजेंडर विचारधारा पर हमला करना, आप्रवासन पर नकेल कसना और सरकार में विविधता पहल को खत्म करना शामिल है।द वाल स्ट्रीट जनरल की खबर के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हुआ है। यह ऐसा कुछ होगा जो पहले कभी नहीं देखा गया है। इस दौरान रिपब्लिकन ने खड़े होकर जोरदार तालियां बजाईं। इस दौरान कुछ डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति के संबोधन में खलन डालने की कोशिश की। सार्जेंट ऑफ आर्म्स ने अल ग्रीन (डी. टेक्सास) को बाहर निकाल दिया। कुछ डेमोक्रेटिक सांसद उनका भाषण शुरू होने से पहले ही बाहर चले गए। राष्ट्रपति ट्रंप ने कांग्रेस से बिडेन-युग के कानून को रद्द करने का आह्वान किया। ट्रंप ने अपने शुरूआती भाषण में आव्रजन उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कांग्रेस से बच्चों में लिंग-संबंधी सर्जरी पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगाने और अपराधीकरण करने वाला विधेयक पारित करने का आह्वान किया। उन्होंने खुलासा किया कि काबुल हवाई अड्डे पर 2021 के घातक आत्मघाती हमले की योजना बनाने में शामिल एक अफगान को अमेरिका लाया जा रहा है। ट्रंप ने कहा कि अफगानिस्तान में स्थित इस्लामिक स्टेट शाखा के एक वरिष्ठ सदस्य को पाकिस्तान ने अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने उसकी पहचान मोहम्मद शरीफुल्लाह के रूप में की है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दो दिन पहले उन्होंने अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा बनाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका को उन पर भरोसा है। बाइडन अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। बाइडन के कार्यकाल में घुसपैठ बढ़ी थी। उन्होंने दावा किया कि उनके प्रशासन ने महज 43 दिन में वो कर दिखाया, जो पिछली सरकारों ने चार साल में भी नहीं किया।

उन्होंने कहा कि अंडों की कीमतें बेकाबू हो गई हैं। वह वादा करते हैं कि अमेरिका से महंगाई खत्म करेंगे। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता में देश की अर्थव्यवस्था को बचाना और कामकाजी परिवारों को राहत प्रदान करना है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने आखिरी संबोधन के पांच साल बाद हाउस चैंबर में खड़े होकर कहा, "मैं आज रात इस चैंबर में यह रिपोर्ट करने के लिए लौटा हूं कि अमेरिका की गति वापस आ गई है, हमारी भावना वापस आ गई है, हमारा गौरव वापस आ गया है, हमारा आत्मविश्वास वापस आ गया है।"

## हिमाचल प्रदेश के आधा दर्जन शहरों का माइनस में पारा, नौ मार्च से फिर बर्फबारी

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पांच दिन की बारिश और बर्फबारी के बाद मंगलवार को मौसम पूरी तरह साफ हो गया लेकिन कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिली। राज्य के आधा दर्जन शहरों में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया जिससे ठंड का प्रकोप जारी है। लाहौल-स्पीति का कूकुमसेरी -12.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा। इसी जिले के केलंग में न्यूनतम तापमान -11 डिग्री, ताबो में -10.2 डिग्री, किन्नौर के कल्पा में -4.9 डिग्री और मनाली में -0.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा भरमौर में न्यूनतम तापमान -0.1 डिग्री, डलहौजी में 1.2 डिग्री, सराहन में 0.5 डिग्री, सोलन में 3.9, पालमपुर में 3, ऊना में 4, भुंतर में 2.2, चंबा में 4.4, धर्मशाला में 4.5, शिमला में 4.6, सुंदरनगर में 4.9 और बिलासपुर में 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मनाली, चंबा और मंडी में शीतलहर का असर अधिक रहा। विभाग ने आगामी चार दिनों तक यानी आठ मार्च तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। हालांकि नौ मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे नौ, 10 और 11 मार्च को प्रदेश के कई हिस्सों में फिर से बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसके चलते तापमान में और गिरावट आने और शीतलहर तेज होने की आशंका है।

## चिराग पासवान ने किए महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में हुए शामिल

एजेंसी

**उज्जैन।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगमंत्री चिराग पासवान आज तड़के सपरिवार श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने पहुंचे। वह चार बजे भस्म आरती में भी सम्मिलित हुए।मंदिर प्रबंध समिति की तरफ से सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरपी गहलोत और आशीष दुबे ने चिराग पासवान का स्वागत किया गया। चिराग ने करीब दो घंटे तक बैठकर आरती के दौरान भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।



## जयशंकर लंदन में मिले कीर स्टार्मर से, द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा



एजेंसी

**लंदन।** भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार देरशाम यहां ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात 10 डाउनिंग स्ट्रीट में हुई। जयशंकर ने इस मुलाकात का विवरण और कुछ फोटो अपने एक्स हैंडल पर साझा किए हैं। जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ उनकी मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के अलावा रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण संबंधी मुद्दे रहे। जयशंकर ने मुलाकात के दौरान हुई चर्चा के संदर्भ में एक्स पर लिखा, " हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया।" विदेशमंत्री जयशंकर ने अपनी छह दिवसीय ब्रिटेन और आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा के पहले दिन लंदन में कई मंत्रियों से भी मुलाकात की। उन्होंने ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और गृहमंत्री यवेट कूपर के साथ भी भेंटवार्ता की। जयशंकर और यवेट कूपर ने मुलाकात में ट्रैफिकिंग, आतंकवाद और अन्य सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान पर चर्चा की। इसके बाद वह अपने समकक्ष डेविड लैमी से मिले। जयशंकर ने शेवेनिंग हाउस में गर्मजोशी से स्वागत के लिए उनका आभार जताया। जयशंकर ने कहा कि लैमी के साथ भारत के शेवेनिंग स्कॉलर्स से मिलकर बहुत अच्छा लगा।

### अमेरिका से निष्कासित दो दर्जन नेपाली नागरिकों को लेकर विमान काठमांडू पहुंचा

**काठमांडू।** अमेरिकी प्रशासन के अवैध आप्रवासियों के निष्कासन की नीति के तहत करीब दो दर्जन नेपाली नागरिकों को लेकर एक चार्टर्ड विमान आज सुबह 10 बजे काठमांडू के एयरपोर्ट पहुंचा। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर उतरे विमान से 25 नेपाली नागरिकों को लाया गया है। नेपाल इमिग्रेशन डिपार्टमेंट के निदेशक ईश्वरी दत्त ने बताया कि मंगलवार को काठमांडू स्थित अमेरिकी दूतावास ने उन्हें यह जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि वापस आए सभी नेपाली नागरिक अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के सुरक्षा प्रमुख नेपाल पुलिस के एसएसपी कृष्ण हरि पोखरेल ने बताया कि ग्रिफिन एयर का चार्टर्ड विमान जीआरपी 23 आज पहुंचा। उसमें 25 नेपाली नागरिक थे। इन सभी को इमिग्रेशन डिपार्टमेंट में लाया गया है। यह पहली बार है जब अमेरिका से निष्कासित नेपाली नागरिकों को चार्टर्ड विमान से नेपाल भेजा गया है। ट्रंप की वापसी के बाद से अब तक 50 से अधिक नेपाली नागरिकों को निष्कासित कर डिपोर्ट किया जा चुका है।

## तृणमूल पंचायत प्रमुख पर दो वोटर कार्ड रखने का आरोप

एजेंसी

**कोलकाता ।** नदिया जिले में तृणमूल कांग्रेस की एक पंचायत समिति प्रमुख का नाम दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में दर्ज होने का मामला सामने आया है। इस खुलासे के बाद तृणमूल कांग्रेस बैकफुट पर आ गई है। यह भी पता चला है कि वह दोनों जगह वोट डालती हैं। मामले में जिनका नाम सामने आया है, वह कल्याणगंज पंचायत समिति की प्रमुख शेफाली खातून हैं। उनके नाम दो विधानसभा क्षेत्रों–नकाशीपाड़ा और कल्याणगंज–की मतदाता सूची में दर्ज पाए गए हैं। दोनों क्षेत्र नदिया जिले में ही आते हैं।

इस मामले को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है। भाजपा ने दस्तावेज सौंपते हुए आरोप लगाया कि एक ही व्यक्ति के नाम पर दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में वोटर कार्ड होना चुनावी गड़बड़ी का प्रमाण है। मीडिया से बातचीत में शेफाली खातून ने कहा, 'पहले हम नकाशीपाड़ा में रहते थे, इसलिए मेरा नाम वहां की मतदाता सूची में था। बाद में जब हम कल्याणगंज के देबग्राम में शिफ्ट हुए तो वहां मतदाता सूची में नाम जुड़वाया। मुझे जानकारी नहीं थी कि नकाशीपाड़ा की सूची में मेरा नाम अभी भी दर्ज है।' हालांकि, भाजपा ने शेफाली खातून के इस स्पष्टीकरण पर तंज कसते हुए कहा कि प्रशासन से जुड़ी किसी जिम्मेदार व्यक्ति का ऐसा बयान हास्यास्पद है। विवाद के बाद चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए नकाशीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से शेफाली खातून का नाम हटा दिया है।

दिलचस्प बात यह है कि बीते सप्ताह तृणमूल कांग्रेस की विस्तारित संगठनात्मक बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में अन्य राज्यों के लोगों के नाम जुड़वाने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि दो राज्यों के मतदाताओं के एक जैसे मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी नंबर) के मामले सामने आए हैं। इस बीच ममता बनर्जी की ही पार्टी के नेता का दो विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग मतदाता कार्ड होने से उनके दावे सवालों के घेरे में हैं।

रविवार को चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी के इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए बयान जारी किया। आयोग ने कहा कि एक जैसे ईपीआईसी नंबर होने का अर्थ फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता नहीं होता। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि अलग-अलग राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में एक जैसे अल्फान्यूमेरिक सीरीज के कारण ऐसे मामले सामने आ सकते हैं।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के इस स्पष्टीकरण को 'आंखों में धूल झोंकने वाला' बताया और कहा कि यह आयोग के अपने ही दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं है।

### न्यूज IN ब्रीफ

### मणिपुर के तीन जिलों में लोगों ने स्वेच्छा से हथियार जमा कराए



**इंफाल।** मणिपुर के तीन जिलों बिष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट के लोगों ने स्वेच्छा से हथियार और गोला-बारूद पुलिस को सौंप दिए। यह जानकारी पुलिस ने आज दी।पुलिस के अनुसार, बिष्णुपुर जिले में सीडीओ यूनिट, कुंबी थाना और पीजीसीआई थाना में लोगों ने एसएलआर राइफल, इंसास राइफल, .303 राइफल, एलएमजी मैगजीन, स्मोक शेल, एसबीबीएल गन, डेटोनेटर और हैंड ग्रेनेड सौंपे। इंफाल ईस्ट जिले के सीडीओ यूनिट, अंड्रो थाना, पोरम्पट थाना और इरिलबुंग थाना में 9 एमएम पिस्टल, एम16 राइफल के लाइव राउंड, एक अज्ञात बम, .38 एमएम और 12 बोर कारतूस, स्टन ग्रेनेड, बीपी जैकेट, हेलमेट, चार्जर क्लिप और अन्य विस्फोटक सामग्री जमा कराई गई।इसके अलावा इंफाल वेस्ट जिले के मयंग इंफाल थाना में एसबीबीएल, .36 एचई हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक शेल, एके-47 कारतूस, .32 पिस्टल (यूएसए), बॉफेंग हैंड हेल्ड सेट, हेलमेट, बुलेटप्रूफ प्लेट, हाई ट्रैजेक्टरी मॉर्टार और सैन्य वर्दी पुलिस को सौंपी गई। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की जनता से हथियार जमा कराने की अपील बड़ा असर हुआ है। लोग हथियार जमाकर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

### बाइक सवार दो चेन स्नेचर मुठभेड़ में गिरफ्तार, जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन पुलिस ने मंगलवार रात्रि थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान बाइक सवार दो चेन स्नेचर आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों के पैर में गोली लगी है उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि एक दिन पहले सोमवार को इन बदमाशों ने थाना क्षेत्र के मोरा की मिलक में दुकान पर बैठी महिला की चेन खींचकर भागे थे। इसके बाद पीड़ित महिला आरोपितों से भिड़ गई और उनकी बाइक पकड़ ली थी लेकिन बदमाश पीड़िता को दूर तक घसीटते हुए ले गए और फिर बाइक दौड़ा दी थी।

पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने आगे बताया कि सिविल लाइन के मोरा की मिलक निवासी अमरनाथ अग्रवाल की परचून की दुकान है। सोमवार दोपहर वह अपनी दवा लेने गए थे। उसी वक्त उनकी पत्नी अर्चना अग्रवाल दुकान पर बैठी थी। तभी बाइक सवार दो युवक दुकान पर आए और उन्होंने महिला से सिगरेट मांगी। अर्चना डिब्बी में से सिगरेट निकालने लगी। इसी दौरान युवकों ने पीछे से झपट्टा मारकर उनके गले की चेन खींच ली और भागने लगे। लेकिन महिला घबराई नहीं बल्कि वह बदमाशों से भिड़ गई और उनकी बाइक पकड़ ली। एसपी सिटी ने बताया कि मंगलवार रात्रि पुलिस गस्त के दौरान थाना क्षेत्र के पोस्टमार्टम हाउस के पास दो युवक बाइक पर आते हुए दिखाई दिए जिन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन वह रुके नहीं और बाइक दौड़ा दी। इसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा किया। खुद को घिरता देख आरोपित युवकों ने पुलिस पर फायरिंग की। जिस पर जवाबी फायरिंग में दोनों पैरों दोनों के पैरों में गोली लगी और वह वहीं गिर गए इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। घायल युवकों ने अपना नाम तुषार और आशु बताया है और वह दोनों चचेरे भाई हैं। उनके पास एक बैग मिला जिसमें एक दिन पहले महिला अर्चना अग्रवाल की खींची हुई चेन बरामद हुई है।

### शादी समारोह में लूट करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** स्वाट टीम एवं थाना अंकुर विहार पुलिस ने शादी समारोह लूटकांड में वांछित अपराधी को मुठभेड़ के दौरान घायल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है । उसके कब्जे से अवैध तमंचा, चोरी की मोटरसाइकिल व 37हजार रुपए बरामद हुए हैं । डीसीपी ग्रामीण एसएन त्रिपाठी ने बताया कि घायल बदमाश हाल में श्रीराम कॉलोनी कच्ची खजूरी दिल्ली का निवासी गुड्डू उर्फ शादाब है । जबकि वह बिजनौर का मूल निवासी है। घायल बदमाश जनपद गाजियाबाद व दिल्ली से विवाह समारोह से की गई लूट चोरी में जेल जा चुका है। इसके अन्य साथी कुछ दिन पूर्व थाना अंकुर विहार से ही जेल जा चुके हैं

## काहिरा सम्मेलन में मिस्र की 53 अरब डॉलर की गाजा पुनर्निर्माण योजना का समर्थन

एजेंसी



**काहिरा (मिस्र)।** अरब लीग शिखर सम्मेलन ने गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण पर मिस्र की योजना पर मुहर लगा दी। यह सम्मेलन कल दोपहर 03 बजे (स्थानीय समयानुसार) काहिरा में शुरू हुआ था। सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे नेताओं ने मिस्र की योजना को स्वीकार करते हुए अंतरराष्ट्रीय समर्थन का आह्वान किया। मिस्र ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए कुल 53 अरब डॉलर की योजना प्रस्तुत की। इसे पूरा करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई है।

डेली न्यूज इजिप्ट की खबर के अनुसार, इस आपातकालीन अरब लीग शिखर सम्मेलन के समापन वक्तव्य में गाजा के भविष्य और इसके पुनर्निर्माण के लिए मिस्र की योजना को अपनाया गया है। बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय और वित्तीय संस्थानों से योजना के लिए तेजी से समर्थन प्रदान करने का आह्वान किया गया है।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अरब देशों के नेताओं से गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए मिस्र की योजना को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीनी पुनर्निर्माण के समय अपनी भूमि पर बने रहें। सीसी ने कहा कि गाजा में इजराइली आक्रामकता ऐतिहासिक भूमि से जबरन विस्थापन चिंताजनक है। इस शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्वी रिवेरा में पुनर्विकास के सुझाव की निंदा की गई।

मिस्र की 112 पेज की योजना के अनुसार, शुरू के छह माह में मलबे को साफ करने और अस्थायी आवास स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पुनर्निर्माण के पहले चरण में दो साल लगने की उम्मीद है और इसमें 200,000 आवास इकाइयों का निर्माण शामिल होगा। इसकी अनुमानित लागत 20 अरब डॉलर होगी। दूसरे चरण का बजट 30 अरब डॉलर है। यह ढाई साल तक चलेगा। इसमें अतिरिक्त 200,000 आवासीय इकाइयों के साथ-साथ गाजा में एक हवाई अड्डे का निर्माण शामिल होगा। अरब नेताओं ने उपयुक्त परिस्थितियों की स्थापना के आधार पर एक वर्ष के भीतर सभी फिलिस्तीनी क्षेत्रों में चुनाव का आह्वान किया।

### सराफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में सोने में तेजी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। सोने के भाव में आज 720 रुपये से लेकर 780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,390 रुपये से लेकर 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,110 रुपये से लेकर 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी में आज मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 96,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरूआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार में तेजी का रुख

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लगातार 10 दिन तक दबाव में कारोबार करने के बाद आज शुरूआती कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार में रिकवरी का रुख नजर आ रहा है। आज शेयर बाजार ने सपाट स्तर पर मिले-जुले कारोबार की शुरूआत की थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद दोनों सूचकांकों में तेजी बनी रही। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.63 प्रतिशत और निफ्टी 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील, ट्रेंट लिमिटेड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 2.62 प्रतिशत से लेकर 2.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, अपोलो हॉस्पिटल, अल्ट्राटेक सीमेंट और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 2.58 प्रतिशत से लेकर 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,470 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,201 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 269 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 43 शेयर हरे निशान में और 7 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 15.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,005.37 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक कुछ देर के लिए गिर कर लाल निशान में 72,894.05 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद ये सूचकांक उछल कर 73,575.83 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का झटका लगने के कारण इस सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई।

## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक




**सिमडेगाः** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई।बैठक में टास्क फोर्स के पुराने लोगों का नाम बदलकर नए नामों को जोड़ने का निर्देश दिया गया। जिले में अब तक जिले में बाल श्रम अंतर्गत किये गए छापेमारी एवं रेस्क्यू किये गए बालकों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। श्रम अधीक्षक को धावा दल के साथ लगातार ढ़ाबों, सूचित स्थलों आदि में लगातार छापामारी करने का निर्देश दिया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मियों को भी ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। अहतु थाना द्वारा रेस्क्यू किये गए बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति,जिला बाल संरक्षण इकाई में सूची उपलब्ध कराई जाए।इस प्रकार के बच्चों का नामांकन जिन विद्यालयों में कराई गई है,उन्हें वहां सतत निगरानी रखी जाए।प्रत्येक माह जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक बच्चों की उपस्थिति सहित अन्य क्रिया पर नजर रखे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज,जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेटा,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,बाल संरक्षण पदाधिकारी सही अन्य उपस्थित थे।

### आचार्य मासिक अभ्यास वर्ग सम्पन्न



**गुमला :** गुमला जिला स्थित वनवासी कल्याण केन्द्र , झारखण्ड द्वारा संचालित एकल विद्यालय के आचार्यों का मासिक अभ्यास वर्ग बीरकेरा संच कार्यालय नवागढ़ पतराटोली रायडीह में संच समिति के कोषाध्यक्ष बुद्ध नाथ सिंह के उपस्थिति में सम्पन्न हुई।इस बैठक में मासिक छात्र उपस्थिति प्रतिवेदन, और संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षा , तथा अगामी कार्य योजनाओं, होली ,एवम नव वर्ष को लेकर चर्चा हुई । सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि सभी एकल विद्यालय ग्राम में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा , (नव वर्ष ) मनाएंगे, तथा दीवार लेखन के माध्यम से नव वर्ष की मंगल कामनायें भी देंगे।

मौके पर गुमला विभाग संगठन मंत्री खेदू नायक , सचिव संजय कुमार सिंह अनौपचारिक विद्यालय, जिला शिक्षा प्रमुख बिरजू नागेसिया संच प्रमुख रामसेवक सिंह सहित एकल विद्यालय के आचार्य आचार्या सभी उपस्थित थे।

### नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिली सफलता



चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम जिले के आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये, विस्फोटक, हथियार, कारतूस एवं अन्य सामग्री एक पुराने नक्सल डम्प से बरामद किया गया है.

इस दौरान बरामद विस्फोटक को सुरक्षा की दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ते की मदद से विनिष्ट किया गया है. उक्त नक्सल डम्प को सुरक्षा बलों द्वारा ध्वस्त किया गया. साथ ही उक्त नक्सली डंप से भारी मात्रा में हथियार-कारतूस एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गयी. प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील है, जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 इठ, झारखण्ड जगुआर एवं उफ्द्धत्रः 60 इठ, 197 इठ, 174 इठ, 193 इठ, 134 इठ, 26 इठ, की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित कर रही है. वर्ष 2022 से लगातार संयुक्त अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में प्रतिबंधित भाकपा (माओ) नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा जंगली क्षेत्र में हथियार गोला-बारूद छुपाकर रखने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके आलोक में दिनांक 04.03.2025 को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम हुसिपी के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान प्रारंभ किया गया.

अग्रतर सर्च अभियान के दौरान दिनांक 04 मार्च 2025 को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम हुसिपी के आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये विस्फोटक एवं अन्य सामग्री एक पुराने नक्सल डम्प से बरामद की गयी है. बरामद विस्फोट को सुरक्षा के दृष्टिकोण से यथा स्थान बम निरोधक दस्ते की मदद से विनिष्ट किया गया है. उक्त नक्सल डम्प को सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया. साथ ही उक्त नक्सली डंप से भारी मात्रा में हथियार कारतूस एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गयी जिसे विधिवत जब्त कर लिया गया. संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है.

### पंसस विकास को गति दें : प्रमुख

**बोकारो :** बेरमो प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की अहम बैठक हुई. बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा हुई. बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ मुकेश कुमार व सीओ संजीत सिंह मौजूद थे. प्रखंड प्रमुख ने कहा कि प्रखंड प्रशासन व पंचायत समिति सदस्य मिलकर अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करें. ताकि बेरमो प्रखंड में विकास की गति ओर तेज हो सके. बैठक में सांसद प्रतिनिधि शक्ति महतो, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, पंचायत समिति सदस्यों में अख्तर अंसारी, बैजू कुमार, शंभू सोनी, बेबी रजक, तालो देवी,रोमा देवी, अरुणा कुमारी, अमित कुमार, दीपक गोप उपस्थित थे.

# जदयू पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष विश्राम मुंडा ने विधायक सरयू राय से मुलाकात

## विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

**ज्योति पाठक**

जनता दल यूनाइटेड के वरीय एवं दिग्गज नेता विश्राम मुंडा ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री सरयू राय से मुलाकात कर उन्हें पश्चिम सिंहभूम जिला के साथ-साथ मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है और इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यापक रूप से परिचर्चा भी की पूर्वी सिंहभूम के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को पराजित कर विधायक चुने जाने वाले सरयू राय के राजनीतिक वजूद का यह स्वरूप है कि श्री राय अविभाजित बिहार के समय से लेकर झारखंड राज्य बनने के पश्चात अपने राजनीतिक पकड़ और जनाधार

के फल स्वरुप लोकप्रिय जन् नेता व जनप्रतिनिधिके रूप में पहचाने जाते हैं तथा उनके बेहतर राजनीतिक पकड़ के फल स्वरुप वह राज्य के दिग्गज नेता के रूप में भी पहचाने जाते हैं जमशेदपुर में श्रीमुंडा ने विधायक सरयू राय से मिलकर मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी व्यापक रूप से परिचर्चा की जिसमें मुख्य रूप से माइंस में मजदूरों की छटनी और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं जाने के षड्यंत्र का भी जानकारी श्री मुंडा ने विधायक श्री राय को



दिया श्री राय ने इन महत्वपूर्ण विषयों को सुनने और जानने के पश्चात शीघ्र ही इस पर सकारात्मक पहल करने की बात कही गौरतलाप होकर पश्चिम सिंहभूम जिला में जनता दल यूनाइटेड के लोकप्रिय कर्मठ और जन समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर रहने वाले जिला अध्यक्ष तथा पार्टी केवरीय नेता विश्राम मुंडा पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के साथ-साथ जन समस्याओं का भी निराकरण करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैऔर इसी का यह परिणाम है कि श्रीमुंडा मजदूर और क्षेत्र की जन समस्याओं को जानने और सुनने के पश्चात इसके निष्पादन में जुट गए हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से जनता दल यूनाइटेड के जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश कोया के साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### चतरा जिले के एसपी विकास कुमार पांडे ने अपने पद स्थापना के एकवर्ष किया पूर्ण

**बिनय मिश्रा**

भारतीय पुलिस सेवा 2014 बैच के सफलतम आईपीएस अधिकारी की बात चलने पर चतरा जिला के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक विकास पांडे का नाम स्वत जुंबा पर चला आता है श्री पांडे भारतीय पुलिस सेवा 2014 बीच के आईपीएस अधिकारी हैं और उन्होंने 29 फरवरी 2024 को चतरा में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया श्री पांडे के योगदान देने के पश्चात से एक और जहां नक्सलियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर नक्सलियों को बैकफुटपर भेजा तथा तस्करी करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर उनके कमर तोड़ डाली कतथा अफीम जैसे अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सघन अभियान चतरा जिला में काफी सफल रही और पुलिस के लिए उपलब्धि भी यही नहीं कई नामी नक्सली धर दबोचे गए और कुछ ने आत्मसमर्पण कर पुलिस के दविश के आगे सरेंडर किया वर्तमान समय में अफीम की खेती के विरुद्ध सदन अभियान को पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाई जा रही कार्रवाई काफी सफल रही और अफीम की खेती को नष्ट करने का कार्य जोरों पर



है चतरा जिला पुलिस के इस उपलब्धि और कामयाबी पर झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता भी इसे पुलिस की उपलब्धि मानते हैं वहीं कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम ने भी चतरा जिला में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस की सफलता को काफी बेहतर माना है छात्र के पुलिस अधीक्षक श्री पांडे का मानना है कि चतरा जिला में अवैध कार्य के विरुद्ध चलाए गए अभियान काफी सफल रहे हैं और लोगों में जागरूकता भी देखी जा रही है अफीम की खेती के विरुद्ध सधन अभियान पुलिस की उपस्थिति में काफी सफल और उपलब्धि भरा रहा है इस प्रकार से कहां जा सकता है कि चतरा के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडे के महज 1 वर्ष के कार्यकाल में पुलिस ने कई उपलब्धि भरे कार्य किए हैं और कामयाबी भी हासिल किया है जो निश्चित तौर पर पुलिस अधीक्षक के बेहतर कार्य प्रणाली का ही परिणाम है।

### एआईडीएसओ ने सिंहभूम कॉलेज में मनाया संकल्प दिवस

**सरायकेला :** पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने सहित अन्य शैक्षणिक मुद्दों को लेकर पिछले एक मार्च को आंदोलन कर रहे छात्रों पर शिक्षा मंत्री के काफिले की गाड़ी चढ़ा दी गई था. घटना में कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे. इस बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) की केंद्रीय परिषद ने पूरे देश में संकल्प दिवस मनाने का आह्वान किया था. इसी के आलोक में सिंहभूम कॉलेज चांडिल में मंगलवार को संकल्प दिवस मनाया गया. छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एआईडीएसओ के झारखंड प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने अपना हक मांग रहे छात्रों के साथ बर्बर कार्रवाई की है. यह गंभीर अपराध है.

# डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं और दिए त्वरित समाधान के निर्देश

## कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गई। जिले के दूर-दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त गुमला से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा, जिन पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

अशोक कुमार पाण्डेय, राजस्व उपनिरीक्षक दिनांक 31/01/2023 को सेवानिवृत्त हो गए हैं। लेकिन अबतक इन्हें इनकी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे इन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उपायुक्त गुमला ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गुमला प्रखंड निवासी अशोक राम मोची ने सेवानिवृति के उपरांत किसी भी सरकारी कार्यालय अथवा स्कूल में चौकीदार के पद पर नियुक्त करने हेतु इन्होंने उपायुक्त गुमला



से आग्रह किया है। उपायुक्त गुमला ने उक्त आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

शिवम् कुमार पाण्डेय,(दिव्यांग) वर्तमान में अंचल कार्यालय,भरनो में अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं। किंतु इनकी प्रतिनियुक्ति अंचल कार्यालय,जारी में कर दी गई है। और यह स्पाइनल कार्ड ट्यूमर की बीमारी से ग्रसित हैं। इन्होंने आग्रह किया है कि इन्हें दिव्यांग अनुकूल कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाए जिससे कि वह अपने कार्य का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर सकें। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गुमला प्रखण्ड स्थित फोरी, जुंगाटोली ग्राम निवासी जितिया लोहरा दिव्यांग हैं और चना बेचकर किसी प्रकार अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इन्होंने इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा हेतु आवेदन दिया है और आग्रह किया है कि इन्हें इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त गुमला ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई हेतु निर्देश दिया।

चैनपुर प्रखंड अंतर्गत जिरमी, मनातू ग्राम एवं कुरुमगढ़ ग्राम निवासी आम जनों ने वन पट्टा दिलाने हेतु आवेदन सौंपा है। उक्त गांव में बीते तीस वर्षों से वन पट्टा नहीं मिला है। उपायुक्त गुमला ने इनके आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के लिए रांची जिले के तर्ज पर गुमला जिले में दीपशिखा केंद्र खोलने हेतु आवेदन दिया गया। जिससे गुमला जिले के वैसे बच्चे, जो किसी सामान्य स्कूल में नहीं पढ़ पाते एवं बच्चों से घुल मिल नहीं पाते, उन्हें भी स्कूल जाने का अवसर मिल सकेगा। उपायुक्त गुमला ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान कई नागरिकों ने छात्रवृत्ति,बीपीएल,रोजगार,वेतन भुगतान संबंधी,नाली निर्माण,आंगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति में गड़बड़ी,भूमि बंदोबस्ती,जमीन मापी संबंधी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिए। उपायुक्त गुमला ने लगभग चालीस से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट पर ही सामाधान कर दिया और अधिकारियों को निर्देशित दिया कि सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# बच्चों के डायट प्लान का करें निरीक्षण : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत बालक/बालिका गृह,सहयोग विलेज,ऑब्जेर्वेशन होम,सुरक्षा के संबंध में समीक्षा बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त ने ऑब्जेर्वेशन होम में रह रहे बच्चों को जे जे एक्ट के प्रावधान अनुसार सुविधा मिले, यह सुनिशित करें। बच्चों को पीने की पानी की शुद्धता पर ध्यान रखी जाए। बच्चों को पिलाये जाने वाले पानी की जांच समय पर कराएं एवं जांच रिपोर्ट रखें।पानी टंकी की सफाई,टी वी,वाई फाई , सदर



स्पताल के डॉ द्वारा नियमित जांच,नर्स की उपलब्धता, शिक्षकों की गतिविधि,योग शिक्षक, आदि के संबंध में जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिया गया।बच्चों के भोजन में मेन्यू / डायट प्लान के संबंध में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वयं निरीक्षण करें। छः माह से ऊपर रह रहे बच्चों के संबंध में बाल कल्याण समिति से निर्णय हेतु लिखित पत्राचार की जाय,कि उन्हें फोस्टर केअर या एडॉप्शन में रखना है,और इस संबंध में बाल कल्याण समिति ने क्या कार्रवाई की ताकि जे जे एक्ट के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में लगभगआधे बच्चे समयावधि से अधिक दिनों तक रह रहे हैं ।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवंटन के अभाव में राशन आदि में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। रेस्कयु किए गए बालिकाओ को सतत निरक्षण करते रहें।चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यों की जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बाल कल्याण को सुपुर्द किये।

### एसडीओ ने होली को लेकर शांति समिति के साथ की बैठक

**चक्रधरपुर :** पोड़ाहाट एसडीओ श्रुतिराज लक्ष्मी ने होली को लेकर मंगलवार को चक्रधरपुर थाने में शांति समिति के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी मेलजोल व खुशहाली का पर्व है. इसे आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं. अभी रमजान का भी महीना चल रहा है. होली के दिन शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय लोग अपने क्षेत्र की मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा करेंगे. इसलिए होली खेलने वाले लोगों को इस बात का विशेष रखना होगा कि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो. थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी. इसलिए त्योहार की आड़ में शराब व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर लोग विधि व्यवस्था खराब करने की कोशिश नहीं करें. ट्रिपल राइड बाइक चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी. अश्लील गाना व डीजे बजाने वालों पर खास नजर रखी जाएगी. उन्होंने लोगों से त्योहार के दौरान अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की. कहा कि अगर किसी तरह के अफवाह की जानकारी मिले, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को दें. बैठक में शहर में साफ-सफाई का भी मुद्दा भी उठाया. जिस पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव ने इस दिशा में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया.

# वाटरशेड यात्रा बना जन आंदोलन, जल संरक्षण को लेकर चला जागरूकता अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 एवं झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वाटरशेड यात्रा का आज गुमला जिले के विशुनपुर प्रखंड के चिंगरी गाँव में मुख्य कार्यक्रम के साथ सफल समापन हुआ। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं जल संचयन को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर गुमला जिले के उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जलछाजन विभाग के अधिकारी एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वाटरशेड तकनीक, ड्रिप सिंचाई, जल संग्रहण एवं व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

गुमला जिले के खास कर विशुनपुर के पाट क्षेत्र के भौगोलिक संरचना को देखते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता को प्राथमिकता दी गई। इस क्षेत्र में जल संचयन एक बड़ी चुनौती रही है, जिससे खेती, पशुपालन और ग्रामीण आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जल संकट के कारण कई स्थानीय लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर जाते




हैं। इस समस्या को देखते हुए प्रशासन ने जलछाजन को एक जन आंदोलन के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। जल संचयन तकनीकों को अपनाने और जल प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जल संरक्षण को ग्राम स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस आंदोलन के अंतर्गत वर्षा जल संग्रहण, वाटरशेड तकनीक के उपयोग, छोटे जलाशयों के निर्माण, चेक डैम और ड्रिप सिंचाई प्रणाली को प्रोत्साहित किया गया, ताकि जल संरक्षण को मजबूत किया जा सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो।

कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं कृषि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए 2.5 एकड़ भूमि पर तालाब, ड्रैगन फ्रूट की खेती और पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह तालाब जल संचयन के लिए निर्मित किया गया है, जिससे आसपास के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और वर्षा जल का संचय किया जा सकेगा। इसी भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की खेती भी शुरू की गई है, जो आधुनिक तकनीकों के माध्यम से की जाएगी और जिसमें ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जलवायु संरक्षण एवं बागवानी को बढ़ावा देने के लिए आम, अमरूद एवं अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया, जिससे पर्यावरण सुधार के साथ-साथ स्थानीय लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, हॉर्टिकल्चर विभाग एवं गैर-सरकारी संगठनों द्वारा जल संरक्षण एवं कृषि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई।

उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने जल संकट के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल संचयन एवं वाटरशेड परियोजना इस क्षेत्र में जल संकट को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप ने बताया कि जल संरक्षण न केवल कृषि क्षेत्र में बदलाव लाएगा, बल्कि यह स्थानीय लोगों की आर्थिक समृद्धि में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जल की उपलब्धता से इस क्षेत्र के पलायन को रोका जा सकता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि यह पहल किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ₹जल है तो कल है। जल संरक्षण के बिना सतत कृषि एवं जीवन संभव नहीं है। इस परियोजना से जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को खेती करने में सहायता मिलेगी।₹

वाटरशेड स्टेट टेक्निकल एक्सपर्ट एन.के. मिश्रा ने बताया कि यह परियोजना जल संचयन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और क्षेत्र के किसान ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर बेहतर फसल उत्पादन कर सकेंगे।स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि जल की कमी के कारण रोजगार की समस्याएँ उत्पन्न होती थीं, जिससे वे मजबूर होकर अन्य राज्यों में पलायन करते थे। लेकिन अब जल संचयन से उन्हें अपने ही गाँव में खेती करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे।